
RNI. MPHIN/2016/68439

> अपनी एक मूर्ति बनाता हूँ और ढहाता हूँ और आप कहते है कि कविता की है।
>
> रघुवीर सहाय

# दैनिक मेल पॉवर



पेज 4

वर्ष- 10 | अंक-80 | भोपाल, सोमवार 18 अगस्त 2025 | पेज-8 | आमंत्रण मूल्य -1 रुपए | राजधानी भोपाल से प्रसारित

## न्यूज. ब्रीफ

### कीमैन की सतर्कता से बड़ा रेल हादसा टला

खंडवा। खंडवा में बड़ा रेल हादसा टल गया। यहां एक रेलवे ट्रैक की पटरी टूटी मिली। जिसके बाद कर्मचारी ने हाथ दिखाकर ट्रेन रुकवाई। घटना के बाद रेलवे अधिकारियों में हडकंप मच गया। दरअसल, हॉलिडे स्पेशल ट्रेन (04159) इटारसी से भुसावल की ओर जा रही थी। खंडवा-छनेरा से बरुड़ रेलवे सेक्शन पर कीमैन ने टूटी पटरी देखी। जिसके बाद उसने फौरन हाथ दिखाया और ट्रेन रोकने की कोशिश की। इस दौरान लोको पायलट ने बेहद सूझबूझ से फौरन गाड़ी रोकी और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। मामले की जानकारी मिलते ही फौरन रेलवे कर्मचारी मौके पर किसी प्रकार ट्रेन को निकालकर ट्रैक सुधारने का काम किया। हालांकि यह कोई हादसा था या बड़ी साजिश थी इसका खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन इसकी जानकारी मिलते ही यात्री और अधिकारियों में हडकंप मच गया।

### चोरी पकड़ी गई तो चुनाव आयोग सियासी दलों पर ही दोष मढ़ रहा

नई दिल्ली। भारतीय चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है, इस पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुए कह दिया कि जब चोरी पकड़ी गई तो सियासी दलों पर दोष मढ़ने लगे हैं। दरअसल रविवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, कि वह बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, गरीब-अमीर, महिला, बुजुर्ग और युवा मतदाताओं के साथ मजबूती से खड़ा था, है और आगे भी खड़ा रहेगा। आयोग ने कहा उसके लिए सभी बराबर है, फिर चाहे विपक्ष में कोई हो या सत्ता पक्ष में। इसी के साथ चुनाव आयोग ने वोट चोरी मामले पर सख्त रुख दिखाया है। इस पर आप नेता अनुराग ढांडा ने कहा, कि चुनाव आयोग अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अब राजनीतिक दलों पर दोष मढ़ रहा है। आयोग की चोरी पकड़ी गई है और अब वह शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। आप नेता ढांडा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और बीजेपी की मिलीभगत अब जगजाहिर हो चुकी है।

### बाल-बाल बचे एकनाथ शिंदे

मुंबई। नवी मुंबई के घणसोली में शनिवार रात दही हांडी कार्यक्रम के दौरान बड़ा हादसा टल गया और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बाल-बाल बच गए। दरअसल, शिंदे अपना अंतिम कार्यक्रम पूरा कर मंच से नीचे उतर रहे थे। तभी मंच पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता चढ़ गए। अचानक बढ़े भार के चलते मंच टूटकर धंस गया और वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ पल के लिए लोगों की सांसें थम सी गईं, लेकिन गनीमत रही कि हादसे में उपमुख्यमंत्री शिंदे को कोई चोट नहीं आई।

### लड़कियां सप्लाई करने वाला अरेस्ट

कानपुर। कानपुर में वकील अखिलेश दुबे को लड़कियां सप्लाई करने वाला युवक पकड़ा गया है। अखिलेश इन्हीं लड़कियों के दम पर फर्जी मुकदमे लगवाकर लोगों से करोड़ों वसूलता था। क्राइम ब्रांच टीम ने शनिवार देर रात टोनू यादव को एक लडकी संग दिल्ली से अरेस्ट किया है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि इस लडकी ने अखिलेश दुबे के कहने पर कई झूठे रेप के मुकदमे दर्ज कराए हैं।

# पीएम मोदी ने 8 लेन एलिवेटेड हाईवे का किया उद्घाटन, जाम से मिलेगी निजात

## पिछली सरकारों ने दिल्ली को बर्बाद किया, नई बीजेपी सरकार कर रही काम



नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के पहले 8 लेन एलिवेटेड हाईवे का उद्घाटन किया। गुरुग्राम से दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट तक बने इस द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का भी उद्घाटन हुआ। पीएम मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का उद्घाटन किया। इन दोनों प्रोजेक्ट पर 11 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है। इस एक्सप्रेसवे से दिल्ली और गुरुग्राम के बीच जाम से लोगों को निजात मिलेगी। उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां से सबको महसूस हो कि ये विकसित होते भारत की राजधानी दिल्ली है।

### पिछली सरकारों ने दिल्ली को बर्बाद किया

मैं जानता हूं कि बीजेपी की नई सरकार को दिल्ली को उबारने में काफी समय लगेगा। पहले तो गड्ढा भरने में टाइम जाएगा फिर कुछ काम दिखेगा, लेकिन मुझे भरोसा है कि पिछले दशकों की समस्याओं को दिल्ली को बाहर ये सरकार निकालेगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार हर परेशानी से दिल्ली वालों को मुक्त करने जा रही है। मुझे खुशी है कि सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली की बीजेपी सरकार यमुना की सफाई में जुटी हुई है। अब तक यमुना से सोलह लाख मीट्रिक टन कचरा हट चुका है। बहुत कम समय में दिल्ली में साढ़े छह सौ ईवी इलेक्टिक बसें शुरू की गई हैं। भविष्य में ईवी बसें दो हजार का आंकड़ा पार कर जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पैरीफेरी एक्सटेंशन के बाद अब दिल्ली अर्बन एक्सटेंशन को बहुत जल्दी सुविधा मिलने वाली है। अर्बन एक्सटेंशन रोड बनाने में लाखों टन कचरा काम में लाया गया।

## हमारे लिए न तो कोई पक्ष है, न ही कोई विपक्ष, सब समकक्ष हैं

# चुनाव आयोग मिथ्या आरोप से नहीं डरता, मतदाताओं के साथ खड़ा है खड़ा रहेगा

नई दिल्ली। बिहार एसआईआर और वोट चोरी के आरोपों पर सड़क से संसद तक घमासान मचा हुआ है। राहुल गांधी ने वोट चोरी का आरोप लगाकर सियासी बम फोड़ा है। अब इन सबका जवाब देने के लिए चुनाव आयोग सामने आ गया है। राहुल गांधी की ओर से लगाए गए ह्यवोट चोरीह्न के आरोपों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्षी दलों के लगातार विरोध के बीच चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि वोट चोरी का आरोप झूठा है। चुनाव आयोग पर कंलक लगाया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि डबल वोटिंग के आरोप लगाए गए, ऐसे मिथ्या आरोप



से चुनाव आयोग नहीं डरता है। चुनाव आयोग निडरता के साथ सभी गरीब अमीर बुजुर्ग महिला और सभी वर्ग के मतदाताओं के साथ चट्टान के साथ खड़ा है और खड़ा रहेगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि वोट चोरी जैसे गलत शब्द का इस्तेमाल करके जनता को गुमराह करने की असफल कोशिश की जाए तो ये भारत के संविधान का अपमान है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा है ये मतदाता के निजता का उल्लंघन है

लेकिन फिर भी कुछ दलों की ओर से ये किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता और राजनीतिक दल ड्राफ्ट मतदाता सूची से त्रुटियों को हटाने में योगदान दे रहे हैं। अभी भी पंद्रह दिन बाकी है, सभी राजनीतिक दल ड्राफ्ट मतदाता सूची की त्रुटि को फॉर्म के तहत जमा करें। राजनीतक दल और बीएलओ मिलकर जमीन पर कम कर रहे हैं। चिंता का विषय है कि राजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष और बीएलए के सत्यापन या तो राष्ट्रीय दल तक पहुंच नहीं पा रहा है या भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है।

## दुग्ध उत्पादन को राज्य सरकार दे रही है बढ़ावा

# मध्यप्रदेश को बनायेंगे मिल्क केपिटल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### किसान खेती के साथ पशुपालन कर बढ़ाए अपनी आमदनी

- दुग्ध उत्पादन के जरिए बढ़ायेंगे पशुपालकों की आय, गाय का दूध भी खरीदेगी सरकार
- किसानों को सोलर पम्प देकर बिजली बिल से दिलाई जायेगी मुक्ति
- रतलाम क्षेत्र के लिए 113 करोड़ रुपये की पेयजल योजना की घोषणा
- रतलाम से खाचरोद तक परीक्षण कर बनाई जायेगी फोर लेन रोड





भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आज प्रदेश का हर कोना विकास कार्यों से सज-संवर रहा है। हम प्रदेश के किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम वर्ष 2028 तक मध्यप्रदेश को मिल्क केपिटल बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। हम गाय के दूध की खरीदी की कीमत भी ज्यादा देंगे। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए हमने तय किया है कि 25 गाय और 42 लाख रुपये तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे, सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपये प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रुप में माफ करेगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश अब विकासशील प्रदेश से आत्मनिर्भर एवं विकसित प्रदेश बनने की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वाधिक जरूरत गरीबों, लाचारों और जरूरतमंदों को ही होती है, इसलिए इन सबके जीवन में नया उजाला लाना हमारी जिम्मेदारी है। विकास के लाभ से हम किसी को भी वंचित नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द रतलाम के समीप धार जिले में बदनावर के निकट पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होने वाला है।

### कार्यक्रम को लोकसभा सांसदो ने भी संबोधित किया

कार्यक्रम को रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान एवं रतलाम ग्रामीण विधायक श्री मथुरालाल डामोर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय परंपरा की पहचान पगड़ी, बंडी, चांदी का कड़ा पहनाकर और तीर-कमान देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई चंद्रवंशी, पूर्व मंत्री श्री हिम्मत कोठारी, पूर्व सांसद श्री गुमान सिंह डामोर, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बिहार एसआईआर विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की दो-टूक

## 7 दिन में हलफनामा नहीं दिया तो सारे आरोप निराधार

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। आप सभी जानते हैं कि कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने




संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- वोटरों को फर्जी कहना गलत है।

### वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल

उन्होंने कहा कि अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न किया जाए और वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो यह तो गलत है। यह संविधान का अपमान नहीं तो और क्या है। कुछ लोगों ने ऐसे ही बेबुनियाद आरोप लगाए। जब उनसे सबूत मांगे गए तो जवाब नहीं दिया गया। मतदाताओं के तस्वीरों का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के किया गया, यह लोकतंत्र का अपमान नहीं तो और क्या है।

### 1.6 लाख बीएलओ ने सूची तैयार की

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरूआत की है। एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलओ ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है।

# दिल्ली-एनसीआर को जाम और प्रदूषण से मिलेगी राहत : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को रोहिणी में यूईआर-2 के उद्घाटन समारोह में कहा कि दिल्ली-एनसीआर में ट्रैफिक जाम और प्रदूषण की समस्या को खत्म करने के लिए मोदी सरकार ने अब तक 65 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं शुरू की हैं जिनमें से 48 हजार करोड़ रुपये के काम पूरे हो चुके हैं। उन्होंने अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर 2) और द्वारका एक्सप्रेसवे जैसी अत्याधुनिक परियोजनाओं को दिल्ली की जाम समस्या के समाधान में मील का पत्थर बताया। गडकरी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री ने मंत्रालय की पहली बैठक में ही देश को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा देने का लक्ष्य तय किया था। उस समय दिल्ली जाम और प्रदूषण से त्रस्त थी। सिंघू बॉर्डर से गुरुग्राम तक पहुंचना कठिन था। इन समस्याओं को दूर करने के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट पूरे किए गए जिनसे सफर का समय घंटों से घटकर कुछ मिनटों का हो गया। अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 और



द्वारका एक्सप्रेसवे लंबे समय से अटके हुए थे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के आग्रह पर इन परियोजनाओं को एनएचएआई के तहत लेकर पूरा किया गया। 29 किलोमीटर की इस सड़क को डिजाइन करते समय भविष्य की 25 साल की जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। इसमें सुरंग, पुल और बहुस्तरीय सड़कें बनाई गई हैं। इन परियोजनाओं के शुरू होने से दिल्ली की 50 प्रतिशत जाम की समस्या खत्म होगी।

### दिल्ली-देहरादून, दिल्ली-कटरा और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जुड़ेंगे

गडकरी ने कहा कि देश की लॉजिस्टिक लागत 14-16 प्रतिशत है जिसे घटाकर 2026 तक एकल अंक में लाने का लक्ष्य है। अच्छे सड़क नेटवर्क की वजह से लागत पहले ही छह प्रतिशत घटी है। दिल्ली-एनसीआर में इंटरकनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए लिंक रोड भी तैयार किए जा रहे हैं जिससे दिल्ली-देहरादून, दिल्ली-कटरा और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जुड़ेंगे। मार्च 2026 तक डीएनडी-दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे और दिसंबर 2026 तक नोएडा एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक का ग्रीनफील्ड कॉरिडोर पूरा होगा। अक्तूबर 2025 तक दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे और दिसंबर 2026 तक दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे तैयार हो जाएगा। दिल्ली से मुंबई का सफर 12 घंटे और दिल्ली से देहरादून का सफर महज 2 घंटे का रह जाएगा।

# आरएसएस की तालिबान से तुलना करने पर भड़की बीजेपी, कांग्रेस पर बोला हमला

- कांग्रेस राष्ट्रवादी संगठन को गालियां देती है और आतंकी संगठनों में भाईचारा दिखता हैकेस सामने आए थे।

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता बीके हरीप्रसाद के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तुलना तालिबान से कर दी जिससे सियासत गरमा गई। बीजेपी नेता शहजाद पूनावाला और मनजिंदर सिंह सिरसा ने कांग्रेस पर हमला बोला और कांग्रेस नेता के बयान को राष्ट्रवाद और सनातन धर्म का अपमान बताया। पूनावाला ने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि कांग्रेस नेता



बीके हरीप्रसाद कहते हैं कि पाकिस्तान हमारा दुश्मन नहीं है, वह बीजेपी का दुश्मन है। हरीप्रसाद आरएसएस को तालिबान बताते हैं। पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस किसी भी राष्ट्रवादी संगठन को गालियां देती है, उनका अपमान करती है, जबकि उसे पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों में भाईचारा दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सेना में सड़क का गुंडा, सर्जिकल स्ट्राइक में खून की दलाली, सिंदूर में तमाशा और राष्ट्रवादी संगठनों में तालिबान दिखाई देता है। उन्होंने आगे कहा कि हरीप्रसाद ने कहा कि पाकिस्तान ने कोई गलत काम नहीं किया है, हम उसके दोस्त हैं, वह बीजेपी का दुश्मन है। यह कांग्रेस की मानसिकता और प्रवृत्ति को दशार्ता है। पूनावाला ने सवाल उठाया कि यदि आरएसएस तालिबान है, तो पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी उसके मुख्यालय क्यों गए थे, महात्मा गांधी और जयप्रकाश नारायण ने उसकी प्रशंसा क्यों की थी और 1963 की गणतंत्र दिवस परेड में आरएसएस को क्यों बुलाया गया था? वहीं, बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बीके हरीप्रसाद द्वारा आरएसएस की तुलना तालिबान से करना गिरी हुई मानसिकता को दशार्ता है।

# दलित अधिकारी को नहीं मिली कुर्सी-टेबल, जमीन पर चटाई बिछा कर रहे काम

ग्वालियर। आजाद भारत में बराबरी और संवैधानिक अधिकारों की बातें अक्सर की जाती हैं, लेकिन ग्वालियर से आई एक तस्वीर इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के सहायक महाप्रबंधक सतीश डोंगरे पिछले एक साल से अपने ही दफ्तर में जमीन पर चटाई बिछाकर बैठते हैं और सरकारी काम-काज निपटाने को मजबूर हैं। इसका मुख्य कारण उन्हें अब तक टेबल-कुर्सी उपलब्ध नहीं कराई गई है। आरोप है कि यह सब जातिगत भेदभाव की वजह से हो रहा है। उक्त सहायक अधिकारी भी अपमान का घूंट पीने और काम करने की बात कहते हैं। वैसे आपको बतलाते चलें कि विकास निगम का यह दफ्तर किराए के भवन में चल रहा है। यहां बाकी अधिकारियों को बकायदा चैंबर और फर्नीचर की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन सहायक महाप्रबंधक अधिकारी डोंगरे रोजाना चटाई बिछाकर जमीन पर बैठते हैं और विभागीय फाइलों का काम निपटाते हैं। इस मामले में मीडिया से बात करते हुए डोंगरे ने दर्द बयां किया, उन्होंने कहा, कि संबंधितों से मैंने कई बार कुर्सी और टेबल की मांग की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एक साल से लगातार अपमान झेल रहा हूं। इस मामले पर निगम के अतिरिक्त महाप्रबंधक अच्छेलाल अहिरवार का कहना था, कि भोपाल मुख्यालय को डिमांड भेजी गई है।

# पहाड़ों से मैदान तक मॉनसून की मार, मुश्किल में जान

## बारिश और बाढ़ ने कई राज्यों में मचाई तबाही, हर तरफ बस पानी ही पानी

नई दिल्ली। देश के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश और नदियों के उफान से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। उत्तर से दक्षिण तक अलग-अलग राज्यों में बाढ़ और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कहीं नदियों का पानी गांवों में घुस गया है तो कहीं पुल और सडकें बह गई हैं। कई जगहों पर फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है और लोग राहत-सहायता का इंतजार कर रहे हैं तो कहीं बादल फटने की घटनाओं से भारी तबाही मची है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के



अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान

### चंडीगढ़-मनाली फोरलेन बंद

रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। टकोली सब्जी और टकोली फोरलेन पर फ्लड के कारण मलबा आ गया। कुल्लू-मंडी के अलग-अलग इलाकों में 10 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ है। कई घरों में अंदर मलबा भर गया है। शालानाल खड्ड में आई बाढ़ से एफकॉन कंपनी के ऑफिस और कॉलोनी की दीवार टूट गई। यहां पर कर्मचारियों ने भाग कर बचाई जान, स्थानीय लोगों के घरों को भी काफी नुकसान हुआ। टकोली, पनारसा और नगवाई में 10 से अधिक गाडि?ों को भी नुकसान हुआ है।

### खरगोन में नदी पार कर रहा युवक बहा

मप्र के खरगोन में लगातार हो रही बारिश से रूपारेल नदी में बाढ़ आ गई। जिसमें एक 27 साल का युवक बह गया। घटना झिरन्या क्षेत्र में शनिवार शाम को हुई। रविवार सुबह इसका एक वीडियो भी सामने आया है। युवक की पहचान संजयनगर निवासी कालू पिता फत्तू पहलवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नदी में बाढ़ के कारण भीकनगांव रोड बंद थी। इसी दौरान कालू ने नदी पार करने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माना और बाढ़ में काफी दूर तक बह गया।

# आज लोकसभा में पेश होगा जन विश्वास (संशोधन) विधेयक

## कुछ अपराधों को अपराधमुक्त करने जा रही सरकार

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 पेश करेंगे। यह विधेयक जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए कुछ छोटे अपराधों को अपराधमुक्त करेगा। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार, मंत्री जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए, विश्वास-आधारित शासन को और बेहतर बनाने के लिए अपराधों को अपराधमुक्त बनाने के लिए कुछ अधिनियमों में संशोधन करना है। इस विधेयक के माध्यम से 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है।



एक अधिकारी के अनुसार, इस कदम से देश में अधिक व्यवसाय और नागरिक-केंद्रित वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। यह विधेयक देश के व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयास का हिस्सा है। इससे पहले 2023 में, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम पारित किया गया था, जिसके तहत 19 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 42 केंद्रीय अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराधमुक्त कर दिया गया था।

# नैसर्गिक सौंदर्य और आध्यात्मिक आभामण्डल से समृद्ध है रायसेन जिला- मुख्यमंत्री डॉ यादव

## महलपुर पाठा में बनेगा भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर , रायसेन के किले में होगी जिले के विकास की बैठक

दैनिक भेल पॉवर



**रायसेन।** रायसेन जिले का गौरवशाली अतीत रहा है। यहां नैसर्गिक सौंदर्य के साथ आध्यात्मिक आभामण्डल भी है। आज जन्माष्टमी पर्व पर यहां महलपुर पाठा में स्थित भगवान श्रीकृष्ण के प्राचीन मंदिर में पूजा-अर्चना का अवसर प्राप्त हुआ। उन्हें अनेक धार्मिक स्थलों के भ्रमण का अवसर प्राप्त हुआ है, लेकिन यह ऐसा प्राचीन मंदिर है जहां भगवान श्रीकृष्ण के साथ राधा जी और रूक्मणि जी की एक साथ हैं। यहां भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर बनाया जाएगा और मेले का भी आयोजन किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रायसेन जिले के ग्राम महलपुर पाठा में आयोजित ह्यश्रीकृष्ण पर्वह्न- ह्रहलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सवह्न और लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार, स्वास्थ्य राज्यमंत्री श्री नरेंद्र शिवाजी पटेल, सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, पूर्व केबीनेट मंत्री श्री रामपाल सिंह तथा श्री राकेश शर्मा भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज यहां लगभग 136 करोड़ रू से अधिक राशि के 90 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया गया है। रायसेन के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। अब समय बदलने वाला है, भोपाल खुद चलकर रायसेन आ रहा है। रायसेन जिला मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में शामिल होकर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होगा। जहाँ युवाओं व महिलाओं को रोजगार मिलेगा, गरीबों की जिंदगी बदलेगी और किसानों को सम्मान मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगली बार रायसेन के किले में जिले के विकास की बैठक होगी।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि आज जन्माष्टमी मनाई जा रही है। भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से जीवन जीने की अद्भुत सीख और प्रेरणादायी संदेश दिए हैं। भगवान श्रीकृष्ण का सम्पूर्ण जीवन सबके लिए अनुकरणीय है। जीवन में किसी से घबराना नहीं, सदैव धर्म के मार्ग पर चलना, वीरता धारण करना, दयालुता रखना, गोपालन करना और अपने जीवन में जो पाएं, वह बांटने का भाव व सामर्थ्य रखना ऐसी विशेषताएं हैं, जिनका सभी को पालन करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण ने मित्रता का अद्भुत आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि भगवान को गोपाल कृष्ण भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के साथ गाय का भी भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन में महर्षि सांदीपनि आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण, श्री सुदामा और श्री बलराम ने महर्षि सांदीपनि से विद्या ग्रहण की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने यहां उनके गुरु महर्षि सांदीपनि से 14 विद्या और 64 कलाओं का अध्ययन किया था। एक विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास कैसे हो सकता है, इसका इतिहास सांदीपनि आश्रम में रचा गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, कंस का वध करने, महाभारत में युद्ध के बीच गीता उपदेश सहित अनेक वृतांतों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत फिर अपने गौरवशाली अतीत को प्राप्त कर रहा है।

कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने कहा कि आज गांव-गांव में, हर जगह भगवान श्रीकृष्ण कन्हैयाजी का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है। आज महलपुर पाठा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हमारे बीच है और क्षेत्र को अनेक सौगातें भी दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ यादव ने देश के विभिन्न राज्यों में जाकर, अनेक देशों में जाकर प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। प्रदेश में तेजी से उद्योग स्थापित किए जा रहे हैं। कुछ दिवस पूर्व हमारे जिले के भोजपुर क्षेत्र में 1800 करोड़ रू लागत की रेल्वे कोच निर्माण इकाई का भूमिपूजन हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।


विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गैरतगंज में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल, देवनगर में 30 बिस्तर के अस्पताल, रायसेन जिला चिकित्सालय में 50 बिस्तर के क्रिटिकल केयर यूनिट और इंट्रीग्रेटेड लैब सहित सांची विधानसभा के अनेक गॉवों में बनकर तैयार हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्रों का लोकार्पण किया गया है। इसके अलावा नवीन पंचायत भवनों, सड़क मार्गो सहित अनेक विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। इन विकास कार्यो का नागरिकों को लाभ मिलेगा, क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

कार्यक्रम स्थल पर श्रीकृष्ण केंद्रित भक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। समारोह में सागर के कडोरी प्रजापति एवं ग्रुप द्वारा बधाई एवं बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात भोपाल की वाणी राव एवं साथी कलाकारों द्वारा भक्ति गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में नगरीय निकायों के अध्यक्ष, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ विधायक मोहन शर्मा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**कार्यकर्ताओं के समर्पण और स्नेह के कारण पहुंचा हूं यहां तक, सदा रहूंगा ऋणी – विधायक मोहन शर्मा**

दैनिक भेल पॉवर



**नरसिंहगढ़।** हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शुक्रवार को नरसिंहगढ़ स्थित उनके निवास पर बधाई देने के लिए सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक भाजपा कार्यकर्ताओं, आम नागरिकों, व्यापारियों, अधिकारियों और कर्मचारियों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर नरसिंहगढ़, कुरावर, बोडा, तलेन, राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, माचलपुर, जीरापुर, पचोर, सारंगपुर, खुजनेर, छापीहेड़ा, संडावता, सुठालिया, लखनवास, करनवास सहित अनेक ग्रामीण अंचलों से भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, आमजन और समाज के विभिन्न वर्गों ने विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। सैकड़ों वाहनों के काफिले के साथ पहुंचे हजारों कार्यकर्ताओं ने इस मौके को एक यादगार उत्सव में बदल दिया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के लिए स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया, जहां सभी ने साथ मिलकर भोजन किया और विधायक के प्रति अपना स्नेह प्रकट किया।

### इस अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने कहा-

वर्ष 1993 से सक्रिय राजनीति में आने के बाद यह कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और अपार स्नेह ही है, जिसने मुझे यहां तक पहुंचाया है। मैं हमेशा उन सभी का ऋणी रहूंगा जिन्होंने भाजपा को नरसिंहगढ़ क्षेत्र में मजबूत बनाने के लिए दिन-रात मेहनत की। मेरी राजनीति कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहने की भावना पर आधारित है, और मैं इस धर्म को सदा निभाता रहूंगा।

### धार्मिक प्रतिमाएं एवं उपहार भेंट कर जताया सम्मान

जन्मदिन के इस शुभ अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक मोहन शर्मा को धार्मिक प्रतिमाएं एवं उपहार भी भेंट किए गए। कुरावर से आए कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में विराजित भगवान श्रीरामलला की प्रतिमा, इकलेरा तलेन और कार्यकर्ताओं ने भगवान हनुमानजी की प्रतिमा, जबकि नरसिंहगढ़ के वाल्मीकि समाज द्वारा हनुमान जी की गदा भेंट की गई। इसके अलावा, कार्यकर्ताओं ने विधायक को उनकी सुंदर तस्वीर, साफा, मंगल तिलक और मिठाई भी भेंट की। यह सिलसिला दिनभर चलता रहा और पूरे दिन वातावरण में उत्सव, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव की गूंज सुनाई देती रही।

# अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आज अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोंपा

दैनिक भेल पॉवर



**रायसेन।** आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रायसेन जिले के महलपुर पठा पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को अतिथि शिक्षकों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोंपा। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि हम, मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षक, लंबे समय से न्यूनतम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। हम राज्य के भविष्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में कोई कमी नहीं रखते, फिर भी हमारी सेवा अस्थिर, असुरक्षित और आर्थिक रूप से कमजोर है। हमारे संघ की प्रमुख माँगें नियमितीकरण स्थायीकरण महापंचायत में हुई घोषणा के अनुसार अनुभव के आधार पर गुरु जी की तर्ज पर नियमित किया जाए। लंबे समय से कार्यरत अतिथि शिक्षकों को योग्यता व अनुभव के आधार पर स्थायी किया जाए।मानदेय भुगतान वर्तमान मानदेय अत्यंत अल्प है, इसे प्रति माह भुगतान किया जाए।सेवा सुरक्षा - विना कारण सेवामुक्त न किया जाए तथा वार्षिक अनुबंध को निरंतरता मिले।अनुभव वेटेज - भविष्य की भर्ती परीक्षाओं में कायानुभव के आधार पर परीक्षा में अतिरिक्त अंक व प्राथमिकता मिले। वर्षभर भुगतान - ग्रीष्मावकाश सहित 12 माह मानदेय भुगतान सुनिश्चित हो।ए अटेन्डन्स - वर्तमान सत्र में प्रदेश के समस्त अतिथि शिक्षकों के लिए ई अटेंडेंस के लिए बाध्य किया जा रहा है उसके लिए हम तैयार है पर नियमित शिक्षकों की तरह सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ईपीएफ, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा व अन्य भत्तों का प्रावधान किया जाए। अतः आपसे अनुरोध है कि इन माँगों पर शीघ्र निर्णय लेकर राज्य के हजारों अतिथि शिक्षकों के जीवन में स्थिरता, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करें। ज्ञापन सोंपने वालों में मुख्यरूप से राजेश साहू, मोना द्वांगी, राजीव चतुर्वेदी, मनोज मीणा, रोहित, राजू, मनीष विश्वकर्मा, समकिशन धाकड, नितिन काळोड़िया, काजल साहू, रविन्द्र नामदेव, मंथनं, मोनू साहू बलराम मालवीय अर्जुन आदि शामिल है।

# मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

दैनिक भेल पॉवर



मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, सम्मान और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में विश्वविद्यालय की माननीय कुलाधिपति श्रीमती प्रीति पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं, वहीं प्रतिकुलाधिपति डॉ. अजीत सिंह पटेल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सुबह ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। फिर मध्यांचल प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के ठउउ कैडेट्स के द्वारा परेड की गई अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्रीमती प्रीति पटेल ने स्वतंत्रता सेनानियों के अद्वितीय योगदान को नमन करते हुए विद्यार्थियों से राष्ट्रहित में उत्कृष्ट कार्य करने का आह्वान किया। डॉ. अजीत सिंह पटेल ने कहा कि युवाओं को शिक्षा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर करना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, वाद्य संगीत, कविताएँ और भाषण प्रस्तुत किए। संकाय सदस्यों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। अंत में राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं एकता बनाए रखने की शपथ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गढ़ी और सिलवानी में वन विभाग की छापामारी कार्रवाई में सागवान के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

दैनिक भेल पॉवर



**रायसेन।** जिला वन मंडल अधिकारी प्रतिभा शुक्ला के निर्देशन में वन विभाग की टीम पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। आज वन विभाग की टीम ने गढ़ी और सिलवानी में छापामारी कार्रवाई के तहत बड़ी मात्रा में सागवान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 16 अगस्त को रायसेन वनमण्डल में 2 अलग अलग जगह श्रीमती प्रतिभा शुक्ला वन मंडल अधिकारी सामान्य रायसेन के निर्देशन में कार्यवाही हुई। जिसमें दो वाहन सागौन वनोपज के साथ जप्त किए गए। पहली कार्यवाही परिक्षेत्र पश्चिम सिलवानी में मध्य रात्रि में हुई, जिसमें वाहन मारुति 800 और सागौन वनोपज 7 नग लट्ठे जप्त किए गए। मौके से 02 आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी कार्यवाही आज शाम गढ़ी रेंज में हुई जिसमें एक मोटर साइकिल को मय 01 नग सागौन लठ्ठा वनोपज जप्त किया गया। प्रकरण में 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दोनों प्रकरणों में वाहन के राजसात की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

# सर्वेश्वरी समूह ने (पाउच पन्नी पोलेथिन) प्रकृति के दुश्मन तीन के नारों के साथ मनाया स्वतन्त्रता दिवस

दैनिक भेल पॉवर



**नरसिंहगढ़।** श्री सर्वेश्वरी समूह, बाबा भगवान राम ट्रस्ट शाखा नरसिंहगढ़ द्वारा सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष परम पूज्य ओघड संभवराम जी के निर्देशन में देश का 79 वां स्वतंत्रता दिवस नगर के निजी विद्यालय में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में रांची झारखंड से पधारें मुख्य अतिथि हर्षवर्धन साह देव द्वारा ध्वजारोहण किया गया राष्ट्रगान भी गाया गया। इसके उपरान्त सर्वेश्वरी समूह बाबा भगवान ट्रस्ट द्वारा देशभर में चल रहें सामाजिक उत्थान के कार्यक्रमों को व्यापक स्तर से समझाया, साथ ही शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थी समाजसेवा से प्रकल्पो से कैसे जुड़ सके अपने निजी जीवन में कैसे उतार सके उसके गुण भी सिखाए गए। विद्यालय के संचालक आदित्य भदौरिया एवं समूह के सदस्य अंकित टेलर द्वारा कुंवर चैन सिंह जी के सम्पूर्ण जीवन एवं उनके बलिदान से छात्रों को परिचय करवाया। हिम्मत खा बहादुर खा के बलिदान ने आने वाली पीढ़ी को कोमी एकता का संदेश दिया इससे भी अवगत कराया। वीर योद्धाओं एवं वीर जवानों के सर्वोच्य बलिदान कि गाथा का गुणगान भी किया। सर्वेश्वरी समूह के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को राष्ट्रीय चिन्ह भी सम्मानपूर्वक वितरित किए गए। इस अवसर पर सर्वेश्वरी समूह के सदस्य अभिजीत बरण बसु, आदित्य भदौरिया,अंकित टेलर सहित ठउउ, स्काउट गाइड के सैनिक सहित अन्य जन उपस्थित रहें।

# जिला सहकारी बैंक में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण, बैंक हित में काम करने का दिया संदेश

दैनिक भेल पॉवर



**सीहोर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के प्रधान कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रधान कार्यालय में जिला कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के. ने ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बैंक परिसर में ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर एक आकर्षक रंगोली बनाई गई, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा एक दिन पहले से ही पूरे बैंक परिसर को जगमगाती रोशनी से सजाया गया था। ध्वजारोहण के बाद कलेक्टर श्री बालागुरू ने सभी कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और उन्हें बैंक के हित में पूरी लगन व निष्ठा के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपायुक्त सहकारिता सुधीर कैथवास और प्रभारी सीईओ अनिल सोलंकी भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर उत्साहपूर्वक राष्ट्रगान गाया।

# भोपाल में 79वां स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया

## राज मिस्त्री मजदूर संघ अध्यक्ष समसुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

दैनिक भेल पॉवर



**भोपाल।** 15 अगस्त, 2025: देश की आजादी की 79वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजधानी भोपाल में राज मिस्त्री मजदूर संघ द्वारा भव्य रूप से स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष श्री समसुद्दीन अंसारी ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में इमरान खान, बन्सी गेवाड़ा, ताज भाई, शाहरुख अंसारी, अनवर, दिनेश, अरमान, समीर, मनोज, सुल्तान, योगेश, सलमान, सेराज, नासिर, सज्जू, दिलीप, गिरीश, साजिद, रवि सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई, जिसके पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। समसुद्दीन अंसारी ने अपने उद्बोधन में मजदूर वर्ग की भूमिका को स्वतंत्र भारत की प्रगति में अहम बताते हुए एकता और समर्पण का संदेश दिया। समारोह में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए, जिससे कार्यक्रम में उल्लास का वातावरण बना रहा। अंत में सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया और उपस्थित जनसमूह को मिष्ठान्न वितरित किया गया। इस आयोजन ने सामाजिक एकता और देशभक्ति की भावना को और मजबूत किया।

# भोपाल में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन



दैनिक भेल पॉवर

*संत नगर भोपाल मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री कृष्ण की पूजा ओर भजन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कई संख्या में लोग पहुंचे बही संत नगर के हीरो हिन्दू फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिन्दू सहित नानक ददलानी मधु घनशानी राजकुमार दड़वानी रवि ललवानी ने भी सहभागिता ली और कार्यक्रम में शामिल हुए।*

## "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान

# सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री हेमन्त खंडेलवाल, श्री भगवानदास सबनानी व महापौर श्रीमती मालती राय ने किया पौधरोपण

**अभियान के तहत नगर निगम द्वारा 5 हजार पौधे लगाने के लक्ष्य के विरुद्ध 2 हजार 100 ज्यूडिशियल एकेडमी के पास तथा अन्य स्थानों पर भी किया गया पौधरोपण**

दैनिक भेल पॉवर





**भोपाल।** नगर निगम, भोपाल द्वारा शहर में हरितिमा व सुंदरता में वृद्धि के दृष्टिगत वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ज्यूडिशियल एकेडमी के पास करूणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर श्री सुदेश शांडिल्य जी महाराज के सानिध्य में सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय ने भदभदा रोड स्थित ज्यूडिशियल एकेडमी के पास बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया। ज्यूडिशिल एकेडमी के पास स्थल पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत नगर निगम द्वारा 05 हजार पौधे लगाने के निर्धारित लक्ष्य के तहत रविवार को आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सेमल, चिरौल, बहेड़ा, आम, बादाम, सप्तपर्णी, मोरछली, नीम, पीपल, बरगद, गुलमोहर आदि प्रजातियों के 02 हजार 100 से अधिक पौधे लगाए। नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर भी 01 हजार पौधे रोपित किये गए। रविवार को ज्यूडिशियल एकेडमी के पास आयोजित विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ करूणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर श्री सुदेश शांडिल्य महाराज के सानिध्य में सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमन्त खंडेलवाल, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बड़ी संख्या में अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पौधे भी लगाए। इस अवसर पर अपर आयुक्तद्वय श्री देवेन्द्र सिंह चौहान व श्री हर्षित तिवारी, उपायुक्त श्री हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, संगठन मंत्री श्री हितानन्द शर्मा, महापौर परिषद के सदस्य श्री जगदीश यादव, पूर्व पार्षद श्री मुकेश राय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# भोजपाल महोत्सव मेला समिति की धार्मिक प्रस्तुति

## 2.51 लाख रुपए की इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता जंबूरी मैदान पर आज

**भोपाल।** भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा प्रदेश की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अवधपुरी चौराहा स्थित विवेकानंद स्कूल के सामने जंबूरी मैदान हेलीपैड पर रविवार शाम 7.30 बजे से 2.51 लाख रुपए की इनामी राशि वाली दही हांडी (मटकी फोड़) प्रतियोगिता होगी। आयोजन में इंडियन आइडल फेम-15 के चैतन्य देवड़े सुमधुर गीतों के साथ गोविंदा आला रे की प्रस्तुति देंगे। भोजपाल महोत्सव मेला समिति के अध्यक्ष और मटकी फोड़ प्रतियोगिता के आयोजक सुनील यादव ने बताया कि 2.51 लाख रुपए इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों से 15 से ज्यादा गोविंदा की टोलियां शामिल होंगी। प्रतियोगिता मे इंडियन आईडल 15 फेम चैतन्य देवड़े सुमधुर गीतों के साथ गोविंदा आला रे की प्रस्तुति देकर गोंविंदा की टोलियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाएंगे। मटकी फोड़ प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी संयोजक विकास वीरानी ने बताया की दही हांडी उत्सव प्रतियोगिता की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। इस भव्य आयोजन में शहरवाशियों को भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आकर्षक विद्युत साज- सज्जा और भक्ति गीतों से पूरा माहौल जीवंत हो उठेगा। हजारों श्रद्धालु उमंग और उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनेंगे। भव्य आतिशबाजी का दिखेगा नजर महामंत्री हरीश कुमार राम ने बताया कि मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी देखने को मिलेगी। इस मौके पर पूरे परिसर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जाएगी। शहरवासियों को एक बार फिर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का रोमांच देखने को मिलेगा।

# पेट्रोल पम्प पर BA.LLB के छात्र की हत्या मामले में अयोध्यानगर पुलिस की बडी सफलता, निर्मम हत्या कर फरार तीनों आरोपी गिरफ्तार

## पेट्रोल डलाने के विवाद पर तीन बदमाशों ने कर दी युवक की बेरहमी से हत्या

## दोस्त द्वारा बचाने का किया प्रयास पर आरोपियों ने उस पर भी किया जानलेवा हमला

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** दिनांक 06/08/2025 की सुबह लगभग 04.00 बजे फरियादी अनमोल दुबे अपने दोस्त संस्कार बबेले के साथ एक्टिवा में पेट्रोल डलाने के लिये मिनाल गेट क्रमाक 03 के पेट्रोल पम्प पर पहुचे थे, जहाँ पर पहले पेट्रोल डलवाने की बात एक्टिवा पर सवार 03 लडको के द्वारा अनमोल दुबे एवं संस्कार बबेले को धमकाया फिर संजय (परिवर्तित नाम) बदमाश ने धारदार हथियार (छुरी) से माँ बहन की गाली देते हुये संस्कार बबेले पर जानलेव हमला किया, बीच बचाव करने आये दोस्त अनमोल दूबे पर भी आरोपी ने उसी छुरी से हमला कर दिया और अन्य साथी आरोपी द्वारा भी संस्कार और अनमोल पर हमला कर दिया गया, तीनो आरोपियों ने मिलकर संस्कार बबेले पुत्र आर.पी. बबेले उम्र 22 वर्ष निवासी बीना (जो इन्दौर में BA.LLB की पढाई कर रहा था) की बेरहमी से हत्या कर दी और एक्टिवा से फरार हो गये। उक्त घटना पर तीनों आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 296,103(1) 3(5) बी.एन.एस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता के देखते हुए फरार आरोपियों की पहचान और शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस आयुक्त श्री हरिनारायणचारी मिश्र एवं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अवधेश गोस्वामी द्वारा तत्काल निर्देश दिये गये है। उक्त निदेर्शों के तारतम्य में पुलिस उपायुक्त जोन-02 डॉक्टर संजय कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा फरार अरोपियो की शीघ्र ही पहचान कर कार्यवाही करने हेतू निर्देश दिये गये जिस पर अति.पुलिस उपायुक्त श्री गौतम सोलंकी के नित्य पर्यवेक्षण तथा सहायक



पुलिस आयुक्त एम.पी.नगर संभाग श्री मनीष भारद्वाज के सतत मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश लिल्हारे के नेतृत्व में अयोध्यानगर पुलिस ने अलग अलग टीमें गठित कर हत्या के प्रकरण का पदार्फास करते हुए आरोपी संजय (परिवर्तित नाम) तथा उसके 02 साथी सहित तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार, एक्टिवा तथा अन्य सामग्री जप्त करने में सफलता प्राप्त की **घटना का विवरण:-** दिनाक 06/08/2025 को फरियादी अनमोल दुबे पुत्र श्री विनोद दुबे उम्र 23 साल नि. महावीर अपार्टमेंट अयोध्यानगर भोपाल ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि दिनांक 06/08/2025 की सुबह लगभग 04.00 बजे फरियादी अनमोल दुबे अपने दोस्त संस्कार बबेले के साथ दोस्त की एक्टिवा में पेट्रोल डलाने के लिये मिनाल गेट क्रमाक 03 के पेट्रोल पम्प पर पहुचे थे, जहाँ पर पेट्रोल डलवाने की बात पर एक एक्टिवा पर तीन सवार लडको के द्वारा अनमोल दुबे एवं संस्कार बबेले को धमकाते हुये माँ बहन की गाली देते हुये जानलेवा हमला कर मारपीट की और उन तीनो लडको मे से एक ने अपनी कमर से छुरी निकालकर संस्कार के माथे पर एवं पेट पर बाये तरफ मार संस्कार की हत्या कर तीनो आरोपी मौके से फरार हो गये उक्त रिपोर्ट पर संजय (परिवर्तित नाम) एवं अन्य दो आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 296,103(1) 3(5) बी.एन.एस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। **पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही:-** मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निदेर्शो के पालन में थाना स्तर पर टीमो का गठन कर घटनास्थल तथा रास्ते में लगे कई सीसीटीव्ही फूटेज से प्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपीगण के पास दिख रही एक्टिवा रजिस्ट्रेश के रजिस्ट्रेशन की जानकारी प्राप्त की गई जिस पर तीनो आरोपियों की जानकारी प्राप्त की गई। जब तीनो आरोपियों के घर पर दबिस देने पर ज्ञात हुआ, घटना कारित कर तीनो घर से फरार हो गये, तथा मोबाइल बंद कर दिये है। टीम द्वारा तकनीकि तथा अन्य माध्यमों से आरोपियों की जानकारी लेकर विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिस दी गई, मुखबीर तंत्र लगातार विकसित कर आरोपियों का पीछा किया गया। आरोपीगण बैरसिया से गंजबासोदा पहुंच जहां घटना में प्रयुक्त एक्टिवा को रेल्वे स्टेशन पार्किंग में खडी कर ट्रेन से ग्वालियर पहुंचे, वहां से भिंड में अटेर क्षेत्र में फरारी काटने की योजना बनाई पर पुलिस ने आरोपियों को ट्रेक कर भिंड पहुंच गई तथा लोकल पुलिस की मदद से दबिस दी परंतु आरोपीगण वहां से भी फरार होने में सफल हो गये, फिर आगरा पहूंचे जहां फरारी के लिये जिनके घर में रुके थे वहां भी जब पुलिस पहुंचती है तब आरोपी वहां भी पुलिस के पहुंचने के पहले चकमा देकर ग्वालियर आ जाते है, आरोपियों ने राजस्थान जाने का प्रयास किया किंतु पुलिस के आसपास पहुंचने की खबर लगते ही वहीं पर छुपे रहे जब आरोपियों लगा की कहीं भी आश्रय मुस्किल है तब उन्होने भोपाल वापस तय किया तथा अलग अलग होकर भोपाल आकर, सिहोर कुबेरेश्वरधाम, बालमपुर, मंडीदीप, बैरसिया तथा अन्य जगह छूपे रहे। और अंततः तीनो आरोपियों को भोपाल में विभिन्न स्थानो से पकडकर गिरफ्तार किया तथा उनसे घटना में प्रयुक्त हथियार, एक्टिवा तथा अन्य सामग्री जप्त करने में सफलता अर्जित की। जप्त सामग्री- घटना में प्रयुक्त 01 लोहे की बडी छूरी, 01 एक्टिवा क्र, ईंटे एवं कपडे इत्यादि। **गिरफ्तार आरोपी-** आरोपी 1- संजय (परिवर्तित नाम) उम्र 24 साल निवासी पूजा कालोनी करोंद थाना निशातपुतारा भोपाल शिक्षा- 08 वीं आपराधिक रिकार्ड:- 01. अप.क्र. /18 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 02. अप.क्र. /18 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल

3. अप.क्र. /19 धारा 302, 120-बी, 201, 34 भादवि थाना बागसेवनिया भोपाल 04. अप.क्र. /19 धारा 392,411 भादवि थाना कोहेफिजा भोपाल 05. अप.क्र. /21 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 6. अप.क्र. /21 धारा 294, 323, 34 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 7. अप.क्र. /22 धारा 25 आर्म्स एक्ट. थाना निशातपुरा भोपाल 8. अप.क्र. /22 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 9. अप.क्र. /22 धारा 25 आर्म्स एक्ट. थाना रातीबढ़ भोपाल 0. अप.क्र. /23 धारा 294, 323, 34 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 11. अप.क्र. /23 धारा 394 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट थाना कमला नगर भोपाल 12. अप.क्र. /25 धारा 296,115(2), 351(2),3(5) बी.एन.एस थाना निशातपुरा भोपाल 13. अप.क्र. /25 धारा 296,324(4), 351(2), 351(5),3(5) बी.एन.एस थाना मिसरोद भोपाल 14. अप.क्र. 350/25 धारा 296, 103(1), 3(5) बी.एन.एस थाना अयोध्यानगर भोपाल आरोपी 2- दिनेश (परिवर्तित नाम) उम्र 24 साल निवासी-आदर्श अस्पताल के पीछे करोद थाना निशातपुरा भोपाल शिक्षा- अनपढ़ व्यवसाय- किराये का आटो चलाता है। **आपराधिक रिकार्ड:-** 1. अप.क्र. /18 धारा 294, 323, 506 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 2. अप.क्र. /18 धारा 379 भादवि थाना निशातपुरा भोपाल 3. अप.क्र. /18 धारा 25 आर्म्स एक्ट. थाना तलैया भोपाल 4. अप.क्र. /21 धारा 4(ए) सट्टा एक्ट. थाना निशातपुरा भोपाल 5. अप.क्र. /21 धारा 13 जुआ एक्ट. थाना निशातपुरा भोपाल 6. अप.क्र. /22 धारा 294, 324, 326, 506, 34 भादवि 25 आर्म्स एक्ट. थाना निशातपुरा भोपाल 7. अप.क्र. /23 धारा 34 आवकारी एक्ट. थाना निशातपुरा भोपाल 8. अप.क्र. /23 धारा 294, 323, 506,34 भादवि थाना जहाँगिराबाद भोपाल 9. अप.क्र. /25 धारा 296, 103(1), 3(5) बी.एन.एस थाना अयोध्यानगर भोपाल आरोपी 3- सुभाष (परिवर्तित नाम) उम्र 25 साल नि. करोंद थाना निशातपुरा भोपाल शिक्षा- अनपढ़ व्यवसाय- मजदूरी करता है।

# इछावर में लवजिहाद के विरोध में बंद रहा नगर, सीहोर में आया धर्मांतरण का मामला

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** जिले में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं को लेकर सुर्खियां रही. एक ओर जहां इछावर कस्बे में लव जिहाद के एक मामले को लेकर पूरा शहर बंद रहा, वहीं जिला मुख्यालय पर धर्मांतरण का एक मामला सामने आने से दिन भर चचाओं में रहा. दोनों ही घटनाओं से हिंदू संगठनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. रविवार को इछावर में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हजारों लोग सडकों पर उतर आए और लव जिहाद के आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। इसी बीच सीहोर शहर में एक घर में बाइबिल पढने का वीडियो वायरल होने के बाद धर्मांतरण के प्रयास की आशंका पर पुलिस को मौके पर पहुंचना पड़ा। इन दो घटनाओं ने जिले में सांप्रदायिक तनाव बढ़ा दिया है।

### इछावर में लव जिहाद के विरोध में शहर बंद

इछावर में दो दिन पहले सामने आए लव जिहाद के एक मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। बताया गया है कि बजरंग दल के कार्यकताओं ने सीवन नदी के किनारे एक युवक




और युवती को पकड़ा था। पूछताछ में युवक की पहचान भोपाल के निशातपुरा निवासी मोहसिन के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि मोहसिन ने खुद को राहुल बताकर युवती से दोस्ती की और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में उसने युवती पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी मोहसिन के खिलाफ बलात्कार और मध्य प्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली टीआई रविन्द्र यादव ने बताया कि घटना और पीड़िता भोपाल से संबंधित होने के कारण केस डायरी निशातपुरा थाने भेज दी गई है। इस घटना के विरोध में रविवार को इछावर का बाजार पूरी तरह से बंद रहा और हिंदू संगठनों ने रैली निकालकर अपना विरोध जताया।

### सीहोर में धर्मांतरण का मामला सामने आया

इसी बीच जिला मुख्यालय की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धर्मांतरण से जुड़ी एक घटना सामने आने से हडकंप मच गया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक घर के अंदर बाइबिल और ईसाई धर्म से संबंधित अन्य पुस्तकें पढ़ रहे थे। वीडियो में बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर इसे धर्मांतरण का प्रयास बताते हुए हंगामा करते नजर आए। हालांकि घर के अंदर मौजूद लोगों ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे अपनी मर्जी से वहां थे और किसी पर कोई दबाव नहीं था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए कोतवाली थाने ले गई।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपेक्स बैंक द्वारा ध्वजारोहण किया गया

दैनिक भेल पॉवर

79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपेक्स बैंक के टी.टी.नगर स्थित मुख्यालय भोपाल के प्रांगण में एवं छठवीं मंजिल स्थित छत पर आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थायें, मध्यप्रदेश श्री मनोज पुष्प द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इस अवसर पर उप सचिव सहकारिता श्री मनोज सिन्हा, बैंक के पूर्व प्रबंध संचालक एवं प्राचार्य, अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज श्री पी.एस.तिवारी, बैंक के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारीगण श्रीमती अरूणा दुबे, श्री अरूण मिश्रा, श्री संजय मोहन भटनागर, आवास संघ के प्रबंध संचालक श्री आर.एस.विश्वकर्मा, उप महाप्रबंधक श्री के.टी.सज्जन, प्रबंधक श्री विवेक मलिक, श्री समीर सक्सेना, श्री अजय देवड़ा, उप प्रबंधक श्री एस.के.जैन सहित बैंक के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। यह जानकारी बैंक के जनसम्पर्क अधिकारी अभय प्रधान ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में दी।




# गुजराती के पुनः अध्यक्ष बनने कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत



दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** कांग्रेस पार्टी ने जिला कांग्रेस की कमान एक बार फिर राजीव गुजराती को सौंप दी है। वर्तमान जिलाध्यक्ष पर पार्टी हाईकमान और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दोबारा भरोसा जताते हुए उन्हें उनके पद पर बनाए रखा है। गुजराती के सम्मान में जिला कांग्रेस कार्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले भर से आए कार्यकताओं ने राजीव गुजराती का फूल मालाओं और गुलदस्तों से स्वागत किया। इस अवसर पर राजीव गुजराती ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें कांग्रेस परिवार के वरिष्ठों का आशीर्वाद और युवा साथियों का स्नेह मिला है, जिसके लिए वह हृदय से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि वह आशा करते हैं कि सभी का सहयोग इसी तरह बना रहेगा और हम सब मिलकर पूरी एकजुटता के साथ कांग्रेस पार्टी को मजबूत करेंगे।

# प्रभारी मंत्री ने किया खनिज अधिकारी श्री चौहान को सम्मानित

## अवैध उत्खनन पर प्रभावी कार्रवाई की सराहना

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** मध्यप्रदेश सरकार की मंत्री और जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। जिला खनिज विभाग ने हाल के दिनों में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तेजी से और प्रभावी कार्रवाई की है। विभाग ने लगातार निरीक्षण और छापेमारी कर अवैध परिवहन के कई मामलों को पकड़ा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान के नेतृत्व में विभाग ने इस दिशा में सराहनीय काम किया है। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री ने श्री चौहान को उनके कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि ऐसे अधिकारियों की वजह से ही सरकार की नीतियों को सही ढंग से लागू किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग भविष्य में भी इसी तरह की प्रभावी कार्रवाई जारी रखेगा ताकि जिले में खनिज संपदा का अवैध दोहन रोका जा सके। इस सम्मान से विभाग के अन्य कर्मचारियों का भी मनोबल बढ़ा है।



# निरंकारी मिशन का वननेस वन' – हरियाली संग सेवा समर्पण की सौम्य अभिव्यक्ति

## भोपाल जोन की सभी ब्रांचों में भी किया गया पौधारोपण

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा वननेस वन परियोजना के पांचवें चरण का आयोजन भोपाल जोन 24 ए की सभी ब्रांचों सहित देशभर के 600 से अधिक स्थलों पर पूर्ण श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। संत निरंकारी मंडल के सचिव, आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी सांझा करते हुए बताया कि वननेस



वन अभियान केवल हरियाली फैलाने की पहल नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, मानवीय उत्तरदायित्व और सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करने का एक समर्पित प्रयास है। वर्ष 2021 में आरंभ हुआ यह अभियान अब ऐसे हरे-भरे वृक्षों में परिणत हो चुका है, जो लघु वनों का स्वरूप ले चुके हैं। इन वनों में प्रवासी पक्षियों की वापसी और जैव विविधता का पुनरुत्थान यह प्रमाणित करता है कि यह प्रयास केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि प्रकृति के पुनर्जीवन का माध्यम भी बन चुका है। वननेस वन परियोजना केवल वृक्षारोपण नहीं, यह प्रकृति, सेवा और सह-अस्तित्व का एक जीवंत आंदोलन है। यह अभियान भविष्य की पीढ़ियों को हरीतिमा से समृद्ध वातावरण देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। रोपे गए पौधों की देखभाल और संरक्षण का यह संकल्प उन्हें घने, स्वावलंबी वनों में परिवर्तित करने की दिशा में एक ठोस कदम है जिससे आने वाली पीढ़ियाँ भी इस सजीव विरासत से लाभान्वित हों सकेंगी। सतगुरु की छाया में वननेस वन का यह अभियान सेवा, समर्पण और प्रकृति प्रेम की वह साधना है, जो पर्यावरण संरक्षण को एक आध्यात्मिक अनुभव में परिवर्तित कर देती है। निःसंदेह यह अभियान एक स्पष्ट संदेश देता है कि वृक्ष लगाना केवल एक कार्य नहीं अपितु एक संस्कार है।

# पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई लूट की वारदात, 6 गिरफ्तार, 12 लाख का मशरूका जब्त

दैनिक भेल पॉवर

**सीहोर।** पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए रेहटी थाना क्षेत्र में हुई लूट की वारदात का मात्र 24 घंटे में पदार्फाश कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से लूटा गया 12 लाख का सामान बरामद किया है, जिसमें नकदी, सोने की चेन और वारदात में इस्तेमाल की गई कार शामिल है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी बुदनी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में रेहटी थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कहारे के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस बड़ी वारदात को सुलझाया। नागपुर निवासी फरियादी के साथ वारदात 15 अगस्त को नागपुर निवासी पिंटू उर्फ दुगार्दास साकोरे ने रेहटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि वह सलकनपुर में इलाज के लिए आए थे। इसी दौरान कुछ आरोपियों ने उन्हें बहाने से एक सुनसान जगह पर बुलाया और उनकी कार के पास उनसे 2.5 लाख नकद और लगभग 2.5 लाख की सोने की चेन लूट ली। वारदात के बाद आरोपी मारुति अर्टिगा कार से फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपराध दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि लूट में



इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार शाहगंज की ओर जा रही है। टीम ने तुरंत घेराबंदी कर कार को रोका और उसमें सवार छह लोगों से पूछताछ की। पूछताछ में सभी ने लूट की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई पूरी नकदी और सोने की चेन बरामद कर ली। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई अर्टिगा कार भी जब्त कर ली गई, जिसकी कीमत भी बरामद किए गए मशरूके में शामिल है। कुल जब्त किए गए सामान की कीमत 12 लाख बताई गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपी पुलिस द्वारा किए गए आरोपियों में प्रकाश नाथ उर्फ गोस्वामी (45) सुन्दर नाथ (46), शिवनाथ (35), सुरेन्द्र सारवाना (42), देवेन्द्र नाथ (24), भुजवल नाथ (29) सभी आरोपी मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के रहने वाले हैं।

# पुलिस अधिकारी, पुलिस कर्मियों ने बच्चों को पुरस्कार बांटे

दैनिक भेल पॉवर

**रायसेन।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में अली पब्लिक इंग्लिश स्कूल मैं कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मियों ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कार बांटे। शहर के वार्ड क्रमांक 18 स्थित ₹अली पब्लिक स्कूल₹ बच्चों को न सिर्फ सामान्य ज्ञान की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा सुरक्षा के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। बच्चों में निडरता हो, जागरूकता के साथ हर क्षेत्र में प्रगति करें, यही सोच को लेकर भारत सरकार कार्य कर रही है। जहां पुलिस प्रशासन द्वारा पिछले महीने बच्चों में आत्मरक्षा के लिए ज्ञान दिया गया। वहीं जन जागरूकता अभियान ₹नशे से है दूरी जरूरी₹ के तहत बच्चों को जागरूक किया गया। अली पब्लिक स्कूल के छात्रों को पुलिस अधिकारियों ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन शिक्षा में अधिक अंक लाने पर पुरस्कार भी बांटे। इस अवसर पर



पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को जागरुक भी किया। जिसमें कानून प्रवर्तन और सामुदायिक पुलिसिंग, पुलिस अधिकारियों की भूमिकाएँ और ज़िम्मेदारियाँ बताई गईं वहीं अपराध रोकथाम और सुरक्षा सुझाव के संबंध में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि समुदाय-पुलिस संबंधों का महत्व क्या है। यह यात्रा छात्रों को निम्नलिखित विकास में भी मदद कर सकती है। जिसमें आलोचनात्मक सोच और जिज्ञासा, प्राधिकारियों और सामुदायिक सहायकों के प्रति सम्मान,सामाजिक मुद्दों और चुनौतियों आदि की समझ होनी चाहिए। रायसेन पुलिस, अली पब्लिक स्कूल रायसेन पुलिस प्रशासन द्वारा न सिर्फ बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

# भोपाल के कस्तूरबा चिकित्सालय के नवीनीकृत डीलक्स वार्ड का शुभारंभ

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** बीएचईएल, भोपाल के कस्तूरबा चिकित्सालय के नवीनीकृत डीलक्स वार्ड का शुभारंभ बीएचईएल, भोपाल के इकाई प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री प्रदीप कुमार उपाध्याय द्वारा दीप प्रज्वलन तथा गणेश प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर सभी महाप्रबंधकगण एवं डीआरओ के अतिरिक्त सभी यूनियिनों के प्रतिनिधिगण तथा कस्तूरबा चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा सेवाएं डॉ. अल्पना तिवारी एवं चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकगण तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. (श्रीमती) अल्पना तिवारी ने मुख्य अतिथि को पौधा देकर स्वागत किया. कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में कहा कि काफी समय से सभी यूनियनों एवं चिकित्सा सलाहकार समिति के सदस्यों तथा कर्मचारियों द्वारा यह मांग की जा रही



थी कि डीलक्स वार्ड की सुविधा को पुनः प्रारंभ किया जाए। प्रबंधन एवं कस्तूरबा चिकित्सालय के संयुक्त सकारात्मक प्रयासों से यह सुविधा पुनः प्रारंभ हो गई है। डीलक्स वार्ड के पुनर्नवीनीकरण होने से कस्तूरबा चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को इस सुविधा का भरपूर लाभ मिलेगा तथा मरीजों के साथ साथ उनके परिजनों को भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर डॉ. (श्रीमती) अल्पना तिवारी ने कहा कि चिकित्सालय को प्रबंधन का सदैव सकारात्मक सहयोग मिलता रहा है और आगे भी हमें इसी तरह का सहयोग मिलता रहेगा। बीएचईएल-भोपाल प्रबंधन कस्तूरबा चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

### महापौर श्रीमती मालती राय ने साहित्य रत्न डॉ.अण्णा भाऊ साठे की जयन्ती पर पुष्पांजलि अर्पित की



दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने साहित्य रत्न डॉ0अण्णा भाऊ साठे की जयन्ती पर पुष्पांजलि अर्पित की। महापौर श्रीमती मालती राय ने रविवार को तुलसी नगर स्थित नर्मदीय भवन में साहित्य रत्न लोक शाहीर डॉ0अण्णा भाऊ साठे की जयन्ती पर डॉ.साठे की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उपस्थितजन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजक संस्था मांग (मातंग) समाज विकास संगठन मध्यप्रदेश द्वारा महापौर श्रीमती राय का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# हिंदी विश्वविद्यालय में जन्माष्टमी उत्सव एवं अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि का आयोजन

दैनिक भेल पॉवर

**भोपाल।** हिंदी विश्वविद्यालय में जन्माष्टमी उत्सव एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार ने सांस्कृतिक आस्था और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के भारी कुलसचिव प्रोफेसर राजीव वर्मा ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. देवानंद हिंडोलिया का संदेश वाचन किया। कुलगुरु प्रो. हिंडोलिया ने अपने संदेश में कहा कि जन्माष्टमी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि श्रीकृष्ण के दिव्य अवतार और



गीता के शाश्वत संदेश को आत्मसात करने का अवसर है। इसी प्रकार अटल जी का जीवन हमें राष्ट्रभक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और काव्यात्मक संवेदनाओं के माध्यम से सदैव प्रेरित करता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने बल दिया कि अटल जी की कविताओं और उनकी राजनीतिक दृष्टि से आज का युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शन प्राप्त कर सकता है। वहीं जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में भजन, संगीतमय प्रस्तुतियाँ और कृष्ण जन्म की झांकियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, प्राध्यापकगण, कर्मचारी और छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# क्या आरएसएस के मुखिया मन की बात कहते हैं?



**श्रीकृष्ण पाथेय मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित करना है। इस परियोजना के तहत उन सभी स्थानों को संरक्षित और विकसित किया जा रहा है जहां श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई या जिनका उनके जीवन से कोई न कोई संबंध रहा है।**

आगामी 2 अक्टूबर 2025 से आरएसएस का शताब्दी वर्ष शुरू होगा। इसे मनाने के लिए संघ ने कई कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई है। इनमें से एक है तीन व्याख्यानों की एक श्रृंखला जो 26, 27 और 28 अगस्त को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित है। इसके बाद तीन-दिन की इस श्रृंखला का आयोजन मुंबई, बेंगलुरू और कोलकाता में होगा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दिल्ली के विज्ञान भवन में सन् 2018 में तीन व्याख्यान दिए थे। इस बार अंतर यह है कि यह आयोजन देश के चार प्रमुख नगरों में किया जा रहा है। तीसरे व्याख्यान में प्रश्नोत्तर सत्र भी होगा और इनमें ऐसे बहुत से लोगों को आमंत्रित किया गया है जो संघ परिवार से संबद्ध नहीं हैं। आमंत्रित जन 12 वर्गों के हैं। इनमें विदेशी दूतावासों के अधिकारी, बुद्धिजीवी और अन्य राजनैतिक दलों के नेता शामिल हैं। विदेशी दूतावासों के कर्मियों में पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्किये के दूतावासों के कर्मी शामिल नहीं हैं। जहां तक राजनैतिक दलों का सवाल है, गैर-भाजपा दलों के उन नेताओं के विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो मोदी सरकार के सुर में सुर मिला रहे हैं। यह शुरूआती प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। अन्य कार्यक्रमों में हिंदुओं का सम्मेलन आदि शामिल हैं।

हमे याद है कि भागवत द्वारा विज्ञान भवन में 2018 में दिए गए व्याख्यानों को कितनी महत्ता दी गई थी। उन्हें सुनकर कई नादान राजनैतिक समीक्षकों को यह लगने लगा था कि आरएसएस बदल रहा है। आरएसएस के अंदरूनी मामलों की जानकारी रखने वाले और उससे जुड़े एक सज्जन की टिप्पणी थी कि आरएसएस ग्लासनोस्त की प्रक्रिया से गुजर रहा है। मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। उसके बाद का घटनाक्रम आरएसएस के एजेंडे के मुताबिक विघटनकारी कृत्यों ही भरा रहा। भागवत ने हिन्दू-मुस्लिम रिश्तों को बेहतर करने की वकालत करते हुए कहा था कि एक व्यक्ति सच्चा हिंदू नहीं हो सकता यदि वह कहता है कि मुसलमानों को भारत में नहीं रहना चाहिए। मॉब लिचिंग में शामिल लोग हिन्दुत्व विरोधी हैं। क्या इसके बाद मुसलमानों की लिंचिंग की घटनाएं रूक गईं? नहीं! वे पहले की तरह जारी रहीं। सन 2020 में उत्तर प्रदेश में शाहरुख सैफी और हरयाणा में लुकमान की लिंचिंग हुई। इसके अलावा मुसलमानों के घरों और दुकानों को तोड़ने के लिए बुलडोजरों का इस्तेमाल हुआ।



ज्यादातर मुस्लिम विरोधी गतिविधियां बदस्तूर जारी रहीं क्योंकि उनके खिलाफ किया जाने वाला प्रोपेगेंडा संघ परिवार का मुख्य हथियार है। जब देश में कोविड-19 फैला तो इस त्रासदी का उपयोग भी मुसलमानों का और अधिक दानवीकरण करने के लिए किया गया और महामारी का ठीकरा दिल्ली में चल रहे तबलीगी जमात सम्मेलन पर फोड़ने की कोशिश की गई। कोरोना जेहाद, कोरोना बम जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाने लगा और इसके साथ ही फेरी लगाकर सामान बेचने वाले मुसलमानों का हिन्दू बस्तियों में बहिष्कार किया गया।

भागवत ने कहा था कि वह हिन्दू, हिन्दू नहीं है जो यह कहता है मुसलमानों को भारत में नहीं रहना चाहिए। सीएए, जिसने मुसलमानों को छोड़कर सभी के लिए भारत की नागरिकता हासिल करने का पिछला दरवाजा खोल दिया, के बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर करने की भारी भरकम और कष्टदायी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निडर मुस्लिम पुरूषों और महिलाओं ने इसके विरोध में शाहीन बाग आंदोलन शुरू किया। यह दुःखद है कि भाजपा के कपिल मिश्रा जैसे लोगों ने इसका विरोध किया, और इन लोगों ने खुलेआम धमकी दी कि यदि पुलिस ने इन्हें धरना स्थल से नहीं हटाया, तो वे यह काम करेंगे। इसके बाद दिल्ली में हुई हिंसा में 51 निर्दोष लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, जिनमें से दो तिहाई मुसलमान थे।

एक तरह से भागवत के नेतृत्व में संघ परिवार मुसलमानों के प्रति नफरत बढ़ाने वाले हर कदम का समर्थन कर रहा है। आखिर 2018 के व्याख्यान का लक्ष्य क्या था? यह साफ है कि वह न तो पेरोस्त्रोईका था और ना ही यह कयास सही था कि आरएसएस में बदलाव आ रहा है।

सीधी सी बात यह है कि आरएसएस हिन्दू राष्ट्रवाद की राह पर चल रहा है। वह भले ही सैद्धांतिक तौर पर एम। एस। गोलवलकर के हिन्दू राष्ट्र के लिए तीन आंतरिक खतरों - मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट - वाले नजरिए को त्यागने की बात कह रहा हो, लेकिन हकीकत में वह उसी के अनुरूप काम कर रहा है। मुस्लिम समुदाय पिछले कई दशकों से भयभीत है और उसे हाशिए पर पटक दिए जाने का एहसास हो रहा है। यहां तक कि बुलंद आवाज में आरएसएस में बदलाव आने का दावा करने वाले सुधीन्द्र कुलकर्णी को भी मुसलमानों की दुर्दशा नजर आ रही थी। उन्होंने लिखा, साम्प्रदायिक दंगों में मुसलमानों की हजारों करोड़ की संपत्ति नष्ट हो रही है इसके बावजूद इन मामलों में ठीक से एफआईआर तक दर्ज नहीं होती। इसके अलावा हिंसा, लूटपाट और दुष्कर्मों के ज्यादातर दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती। इसके विपरीत, विरोध के अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करने वाले मुसलमानों को सख्त दंड भुगतना पड़ता है, पुलिस की गोलीबारी में जान गवांनी पड़ती है, बड़े पैमाने पर गिरफ्तार किया जाता है और सार्वजनिक संपत्ति की हानि की कीमत जुमार्ने के रूप में चुकानी पड़ती है। कहां है इंसाफ?

जहां तक ईसाईयों की बात है, उन्हें ज्यादा नजर में न आने वाली हिंसा का सतत सामना करना पड़ता है क्योंकि यह कम तीव्र होती है और विभिन्न इलाकों में बिखरी हुई होती है। यह भी अत्यंत तेज गति से बढ़ रही है खासकर पिछले एक दशक के दौरान। एक बड़े ईसाई पंथ के प्रताड़ित नेता ने 2023 में कहा था, हर दिन गिरजाघरों और पॉस्टरों पर हमलों की चार या पांच घटनाएं होती हैं और हर रविवार को ये दोगुनी होकर दस के करीब हो जाती हैं - हमने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। उनके अनुसार भारत में ईसाईयों को प्रताड़ित करने में प्रमुख भूमिका हिंदू उग्रपंथियों के संगठन संघ परिवार की है जिसमें प्रभावशाली अर्ध-सैन्य और रणनीतिक समूह आरएसएस, प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा और हिंसक युवा संगठन बजरंग दल शामिल हैं।

जहाँ तक कम्युनिस्टों का सवाल है, हर मानवाधिकार कार्यकर्ता पर शहरी नक्सल का लेबल चस्पा किया जा रहा है। भीमा-कोरेगांव मामले में इनमें से कई को गिरफ्तार किया गया। अब महाराष्ट्र में महाराष्ट्र सरकार पीपल्स सिक्यूरिटी विधेयक पारित करने के तैयारी में हैं। इससे राज्य सरकार को उन सभी व्यक्तियों और संस्थाओं पर नजर रखने, उनकी जांच करने और उनके खिलाफ कार्यवाही करने के अधिकार मिल जाएंगे जिन पर यह संदेह है कि वे प्रतिबंधित माओवादी संगठनों को बौद्धिक या आर्थिक सहायता उपलध करवा रहे हैं या उन्हें काम करने के लिए सुविधाएँ मुहैया कर रहे हैं।


ये सारी नीतियां और कानून, यह सारी हिंसा उस दुष्प्रचार का नतीजा है जो संघ अपनी शाखाओं में करता है। संघ के अनुषांगिक संगठन में इसमें मदद करते हैं। तो फिर 2018 में व्याख्यान क्यों दिए गए। और अब 2025 में फिर व्याख्यानों की श्रृंखला क्यों आयोजित की रही है? आरएसएस का एजेंडा एकदम साफ है और पिछले कुछ दशकों में इसे लागू करने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

दरअसल, ये व्याख्यान आरएसएस के एजेंडा के नकारात्मक नतीजों की कड़वी गोली पर शक्कर की परत चढाने का प्रयास है। चूँकि संघ एक प्रजातान्त्रिक व्यवस्था में काम कर रहा है (भले की यह व्यवस्था केवल नाम के लिए प्रजातान्त्रिक हो) इसलिए उसे यह दिखावा करना की पड़ेगा कि हिन्दू राष्ट्र की उसकी अवधारणा, प्रजातंत्र से असंगत नहीं है। सन 2018 के व्याख्यानों के बाद हुए घटनाक्रम से साफ है कि आरएसएस अपने मुखिया के माध्यम से जो कहता है, वह अमल करने के लिया नहीं होता। वह केवल संघ के आलोचकों को थोड़ी राहत देने के लिए होता है। यह भी हो सकता है कि अन्य पार्टियों के असंतुष्ट तत्वों को इन व्याख्यानों में आमंत्रित करने का उद्देश्य, ऑपरेशन कमल के नए संस्करण की तैयारी हो। शायद संघ अन्य पार्टियों के रुष्ट नेताओं को अपने शिविर में शामिल करना चाह रहा हो? जाहिर है कि हमें असलियत जानने के लिए कुछ समय इंतजार करना होगा।

# स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन से सबक सीखा कांग्रेस ने

भारत का स्वतंत्रता संग्राम केवल अंग्रेजों की गुलामी से आजादी का संघर्ष नहीं था। कांग्रेस ने स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में जनता से संवाद करने और जनजागरण का भी आंदोलन चलाया था। उस दौर में अंग्रेजों के प्रभाव में मीडिया पूरी तरह नियंत्रित था। सारा भारत रियासतों से जुड़ा हुआ था। ऐसी स्थिति में अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन चलाना संभव ही नहीं था। अंग्रेजी अखबारों की पहुँच आम जनता से दूर थी। सूचनाओं का प्रवाह सत्ता के हिसाब से तय होता था। ऐसी स्थिति में कांग्रेस और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने जनता तक पहुँचने का नया रास्ता चुना। प्रादेशिक स्तर का संगठन तैयार किया।

स्वतंत्रता आंदोलन के लिए पदयात्राएँ, जन यात्राएँ, छोटे-छोटे पर्चे और स्थानीय भाषाओं में छापे गए समाचार पत्र ही उस समय संवाद का सशक्त माध्यम बना। जिसने स्वतंत्रा आंदोलन की अलख सभी रियासतों और अंग्रेजी शासन काल के हर हिस्से तक पहुंचने का काम कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने किया। कांग्रेस के इन्हीं प्रयासों से आजादी का संदेश गाँव-गाँव, गली-गली पहुँचा, आंदोलन को व्यापक जनाधार मिला। सभी वर्गों के लोग इस आंदोलन में शामिल हुए, जो अंग्रेजों की किसी न किसी प्रताड़ना से व्यथित थे। आज, स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद, परिदृश्य एक बार फिर बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय मीडिया पर वर्तमान सरकार का वर्चस्व इतना बढ़ गया है। सारा मीडिया सरकार के गुणगान में लगा हुआ है। मीडिया में जनता को स्थान नहीं मिल रहा है। मीडिया ने अपनी सवाल करने की भूमिका भी खत्म कर दी है। मीडिया से विपक्ष नदारद है। जो वर्तमान मीडिया है, उसे गोदी मीडिया कहा जाने लगा है। बड़े-बड़े टीवी चैनल



और अखबार सरकार की भाषा बोल रहे हैं। आम जनता के असली मुद्दे–महंगाई, बेरोजगारी, किसान और श्रमिक की पीड़ा–मुख्यधारा के मीडिया से गायब हैं।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए कांग्रेस स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि व अपने पूर्वजों से सबक लेकर एक बार फिर स्वतंत्रता आंदोलन के तौर तरीके को अपनाती हुई दिख रही है। राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक की भारत जोड़ो पदयात्रा से राहुल गांधी और कांग्रेस का जनता से सीधा संवाद कायम हुआ। यह संवाद न केवल भाषाई विविधता के बीच लोगों तक पहुँचा, बल्कि वर्तमान मीडिया के नियंत्रण के दौर में एक वैकल्पिक मीडिया का राजनीतिक मॉडल भी बन गया। जिस तरह से स्वतंत्रता संग्राम के समय पर्चों और छोटे अखबारों ने अंग्रेजों के खिलाफ आम जनता को आंदोलित किया। अंग्रेजों के प्रति आम लोगों को जो भय था उसे खत्म करने का काम किया। संवाद के नए-नए माध्यम आंदोलनकारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने तैयार किये। जिसका प्रभाव आम जनता पर पड़ा और स्वतंत्रता आंदोलन दिन प्रतिदिन तेज होता चला गया। जिसके कारण ताकतवर अंग्रेजों को भारत छोड़कर वापस जाना पड़ा। उसी तरह के प्रयास एक बार फिर कांग्रेस ने सोशल मीडिया, स्वतंत्र यूट्यूब चैनल और जन यात्राएँ, रैली से किया है। ये सभी सरकारी प्रचार एवं गोदी मीडिया को चुनौती दे रही हैं। दरअसल यह प्रयास जनता तक सीधी पहुँच बनाने सबसे प्रभावी तरीका है। राहुल गांधी अब जनता की लड़ाई को लड़ रहे हैं। खुद से जनता को जोड़ रहे हैं।

आंदोलन विपक्षी राजनीति के लिए ऑक्सीजन की तरह है। यही कारण है कि कांग्रेस अब रैलियों, जन सभाओं और सोशल मीडिया अभियानों को अपना प्रमुख हथियार बना रही है। जब मीडिया सरकार का पक्षधर बन चुका हो, तब यही रणनीति कांग्रेस और विपक्ष के लिए उसे पुनर्जीवित करने का सबसे कारगर तरीका है। कांग्रेस और राहुल गांधी की यह रणनीति न केवल भाजपा और सरकार के लिए चुनौती है, बल्कि गोदी मीडिया के लिए भी एक चुनौती है। लोकतंत्र के लिए एक उम्मीद की किरण है। जहां राजनीतिक दल अब जनता की लड़ाई को लड़ने के लिए सड़कों पर आ रहे हैं। इतिहास गवाह है कि जब-जब जनता से सीधा संवाद संगठन और राजनीतिक दल कायम करते है, तब सत्ता की नींव हिलती है, परिवर्तन की लहर तेज हो जती है। 1975 में जयप्रकाश आंदोलन के 50 वर्ष बाद इस तरह का आंदोलन देखने को मिला है। कांग्रेस का यह प्रयोग आने वाले समय की राजनीति को नई दिशा दे सकता है। जिस तरह से कांग्रेस और विपक्षी दल के राजनीतिक दल एकजुट होकर अब जनता की लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं उसका मुकाबला कर पाना कोई आसान काम नहीं है। 2014 मे नरेंद्र मोदी एक उम्मीद के रूप में सामने आए थे लोगों ने उन पर पूरी तरह से विश्वास किया था। पिछले 11 वर्षों में यह विश्वास अब अविश्वास में बदल गया है। पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने जो सपने लोगों को दिखाए थे, वह पूरे नहीं हुए उल्टे जनता के ऊपर तरह-तरह का टैक्स का बोझ डाला गया। जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता के स्थान पर कठोरता के साथ आम जनता को नियंत्रण करने की कोशिश की गई। जिसके कारण आम जनता हैरान और परेशान थी। वह अपनी लड़ाई नहीं लड़ पा रही थी। उस लड़ाई को अब कांग्रेस से सभी राजनीतिक दल लड़ रहे हैं। जनता उनके पीछे चलने लगी है। यह स्थिति वर्तमान सरकार के और मीडिया के लिए एक खतरे की घंटी है।

# संपादकीय

## राहुल का वोट चोरी का मुद्दा लूट ले गये अखिलेश

कांग्रेस और विपक्ष एसआईआर के मुद्दे को लेकर लगातार हमलावर है, जिससे मॉनसून सत्र में अपेक्षा के अनुरूप कार्य नहीं हो पा रहा है, वहीं विपक्ष के तमाम प्रमुख सांसद उच्चतम न्यायालय में गये हैं, जहां वे तर्क नहीं दे पाये। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को मतदाताओं के अनुकूल माना है, फिर भी विपक्ष का सवाल बरकरार है। सोमवार को संसद के बाहर विपक्ष के द्वारा सड़क पर सत्ता पक्ष और चुनाव आयोग पर हमला बोला गया लेकिन, इस प्रदर्शन का पूरा श्रेय अखिलेश यादव के नाम पर दर्ज हो गया, उनकी छलांग देशभर में छाई रही, इसी मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम...

संसद से सड़क तक हंगामा विपक्ष का आरोप है कि चुनाव आयोग एसआईआर के द्वारा बिहार विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करना चाहता है, वे दोनों सदनों में इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। बिहार में एसआईआर को लेकर संसद में गतिरोध बना हुआ है। 21 जुलाई को संसद का मॉनसून सत्र शुरू होने के बाद से दोनों सदनों में लगातार व्यवधान और नाम मात्र का विधायी कार्य हुआ है, दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को छोड़कर 21 जुलाई को मॉनसून सत्र शुरू होने के बाद से संसद में बहुत कम काम हुआ है। बार-बार कार्यवाही स्थगित की जा रही है, इसी मुद्दे को लेकर विपक्षी सांसदों ने सोमवार को संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय तक विरोध मार्च निकाला, इस दौरान प्रदर्शनकारी विपक्षी सांसदों को रोकने के लिये परिवहन भवन पर पुलिस बैरिकेड्स लगा दिये, जहाँ उन्हें चुनाव आयोग मुख्यालय की ओर आगे बढ़ने से रोक दिया गया। पुलिस का तर्क था कि विपक्षी सांसदों ने मार्च निकालने के लिये कोई अनुमति नहीं ली है। पुलिस द्वारा रोके जाने पर अखिलेश यादव, महुआ मोइत्रा सहित कई सांसदों ने बैरिकेड्स पर चढ़ने का प्रयास किया, इस दौरान अखिलेश यादव का एक्शन देशभर में चर्चा का विषय बन गया और राहुल गांधी पर ही भारी पड़ गया। पूरे प्रदर्शन का श्रेय अखिलेश यादव के नाम चला गया। अखिलेश के अलावा कई सांसद बैरिकेड्स कूदकर बीच सड़क पर धरने पर बैठ गये। पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों को समझाने का प्रयास किया लेकिन, सांसदों ने सड़क से हटने से मना किया तो, राहुल, प्रियंका और अखिलेश सहित तमाम नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। हालांकि, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया, इस दौरान विपक्षी सांसद विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया और वोट चोरी के आरोपों के विरोध में नारे लगाते देखे गये। पुलिस ने इसलिये रोके विपक्षी सांसद चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश को पत्र लिखकर दोपहर 12.30 बजे मिलने के लिये बुलाया था, साथ ही चुनाव आयोग ने उनसे 30 सांसदों के साथ आने को कहा था और आने से पहले उन सांसदों की सूचना देने को भी कहा था, इसको लेकर पुलिस ने प्रदर्शनकारी सांसदों से कहा कि 30 लोग चुनाव आयोग के मुख्यालय तक जा सकते हैं, इसके लिये पैदल या, वाहन जैसे विकल्प चुन सकते हैं लेकिन, विपक्ष इसके लिये तैयार नहीं हुआ, साथ ही मार्च निकालने के लिये अनुमति नहीं ली गई थी। नई दिल्ली के संयुक्त पुलिस आयुक्त दीपक पुरोहित ने कहा कि हिरासत में लिये गये विपक्षी सांसदों को पास के एक पुलिस स्टेशन ले जाया गया है। हम अभी भी हिरासत में लिये गये सांसदों की संख्या गिन रहे हैं, यहां विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं थी लेकिन, हमें सूचना मिल गई थी। अगर, वे तय करते हैं तो, हम उन्हें चुनाव आयोग कार्यालय तक पहुंचा देंगे।

## (आस्था)

### खुद ही बनो ताकत, चुनौतियों को बनाओ सीढ़ी; मोदी के इस संदेश के क्या हैं असली मायने?

इस स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश के सामने मौजूदा चुनौतियों से निपटने या उनका सामना करने को लेकर कुछ लक्षित बातें कीं, उनमें संदेश बिल्कुल साफ हैं। इस बार के अपने भाषण में उन्होंने भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करने के बजाय मुख्य रूप से उन मुद्दों पर जोर दिया, जो वर्तमान समय में देश को प्रभावित कर रहे हैं या चुनौतियों के रूप में खड़े हैं। इनमें एक ओर आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका की तरफ से घोषित शुल्क नीति के भारत पर पड़ने वाले प्रभाव और उससे पार पाने के लिए जरूरी विकल्प खड़े करने की अपनी राह चुनने की बात थी तो दूसरी ओर पाकिस्तान के संरक्षण में पलते आतंकवाद का सामना करते हुए आपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मन देशों को ठोस जवाब देने के उदाहरण सहित परोक्ष रूप से एक चेतावनी भी कि अगर किसी देश ने भारत के खिलाफ नाहक दुस्साहस किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने सुदर्शन चक्र नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करके आने वाले दस वर्षों में देश की सुरक्षा को विस्तार देने, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण करने का भरोसा जताया। दिवाली गिफ्ट से लेकर युवाओं को 15 हजार रुपये तक, पीएम मोदी के 10 ऐलान जो तय करेंगे देश का भविष्य जाहिर है, पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद प्रतिक्रिया में भारत ने जिस तरह आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकवादी संगठनों को सबक सिखाया, उस परिप्रेक्ष्य में आने वाले वक्त में भारत के सामने जैसी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उसके लिए मोचेबंदी को लेकर एक संकेत दिया। इसी तरह, अमेरिका ने शुल्क लगाने की नीति के जरिए दुनिया के सामने जैसी व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी की है और इसका भारत के ऊपर जो प्रभाव पड़ेगा, उसके मद्देनजर बिना किसी देश का नाम लिए उन्होंने व्यापार से लेकर रक्षा उत्पादन तक में आत्मनिर्भरता को मुख्य ताकत बनाने की बात कही। उनकी इस बात में छिपे संदेश को समझा जा सकता है कि हम स्वदेशी को मजबूरी में नहीं, मजबूती के साथ उपयोग करेंगे और जरूरत पड़ी तो दूसरों को भी मजबूर करने के लिए उपयोग करेंग यह हमारी ताकत होनी चाहिए। यह सच भी है कि अमेरिका के साथ भारत का आर्थिक या व्यापारिक संबंध परस्पर सहयोग पर आधारित है।

## आज का राशिफल

### मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेषः** आपकी उम्मीद एक महक से भरे हुए खूबसूरत फूल की तरह खिलेगी। आपका पैसा तभी आपके काम आएगा जब आप उसको संचित करेंगे यह बात भली भांति जान लें नहीं तो आपको आने वाले समय में पछताना पड़ेगा। घरेलू जिन्दगी में कुछ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। आपकी आँखें इतनी चमकीली हैं कि वे आपके प्रिय की अंधेरी रात को भी रोशन कर सकती हैं। जो कला और रंगमंच आदि से जुड़े हैं, उन्हें आज अपना कौशल दिखाने के लिए कई नए मौके मिलेंगे। अगर आज आप यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की जरूरत है।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभः** आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। जिन लोगों ने किसी अनजान शख्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फायदा होने की पूरी संभावना है। बच्चों की उनसे जुड़े मामलों में मदद करना आवश्यक है। मुहब्बत की टीस आज रात आपको सोने नहीं देगी। आज आपकी कलात्मक और रचनात्मक क्षमता को काफी सराहना मिलेगी और इसके चलते अचानक लाभ मिलने की संभावना भी है। दिन अच्छा है दूसरों के साथ–साथ आप अपने लिए भी वक्त निकाल पाएंगे।

### मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुनः** अपने मनमौजी और जिद्दी स्वभाव को काबू में रखें, खास तौर पर किसी जलसे या पार्टी में। क्योंकि ऐसा न करने पर वहाँ का माहौल तनावग्रस्त हो सकता है। आप खुद को नए रोमांचक हालात में पाएंगे– जो आपको आर्थिक फायदा पहुँचाएंगे। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। प्यार के मामले में आज आप गलत समझे जा सकते हैं। आपको पता लग सकता है कि आपके बॉस आपसे इतने रूखेपन से क्यों बात करते हैं। वजह जानकर आपको वाकई तसल्ली होगी। आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्कः** आपमें आज चुस्ती–फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। निवेश के लिए अच्छा दिन है, लेकिन उचित सलाह से ही निवेश करें। दूसरों को प्रभावित करने की आपकी क्षमता आपको कई सकारात्मक चीजें दिलाएगी। आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे। बिना किसी को अवगत कराए ही आज आपके घर में किसी दूर के रिश्तेदार की एंट्री हो सकती है जिसके कारण आपका समय खराब हो सकता है। जीवन साथी से पूर्णरूपेण सहयोग न मिलने के कारण आप निराश हो सकते हैं।

### सिंहः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंहः** दोस्त आपका परिचय किसी खास इंसान से कराएंगे, जो आपकी सोच पर गहरा प्रभाव डालेगा। जो लोग काफी वक्त से आर्थिक तंगी से गुजर रहे थे उन्हें आज कहीं से धन प्राप्त हो सकता है जिससे जीवन की कई परेशानियां दूर हो जाएंगी। आपका आकर्षक स्वभाव और खुशमिजाज व्यक्तित्व नए दोस्त बनाने में आपकी मदद करेगा और आपके सम्पर्क में इजाफा करेगा। आज के दिन आप किसी कुदरती खूबसूरती से खुद को सराबोर महसूस करेंगे। व्यवसायियों के लिए अच्छा दिन है, क्योंकि उन्हें अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

### कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्याः** आपका दानशीलता का व्यवहार आपके लिए छुपे हुए आशीर्वाद की तरह सिद्ध होगा, क्योंकि यह आपको शक, अनास्था, लालच और आसक्ति जैसी खराबियों से बचाएगा। समय और धन की कद्र आपको करनी चाहिए नहीं तो आने वाला वक्त परेशानियों भरा रह सकता है। आपके माता–पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है। आपके ईमानदार और जिंदादिल प्यार में जादू करने की ताकत है। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज्यादा फायदा देंगे। अगर आप कोशिश करें

### तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुलाः** कुछ दिलचस्प पढ़कर थोड़ी दिमागी कसरत करें। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक़्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे। आपका ज्ञान और हास–परिहास आपके चारों ओर लोगों को प्रभावित करेगा। संभव है आज आप अपने प्रिय को टॉफी और कॉकलेट वगैरह दें। सहकर्मियों और वरिष्ठों के पूरे सहयोग के चलते दफ़्तर में काम तेज रफ़्तार पकड़ लेगा। अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं क्योंकि आप उनको पर्याप्त समय नहीं दे पाते। आपके आस–पास के लोग कुछ ऐसा कर सकते हैं,

### वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिकः** बहुत ज्यादा चिंता करना मानसिक शांति को बर्बाद कर सकता है। इससे बचें, क्योंकि जरा–सी चिंता और मानसिक तनव भी शरीर पर खराब असर डालते हैं। इस राशि के बड़े कारोबारियों को आज के दिन बहुत सोच समझकर पैसा निवेश करने की जरुरत है। अचानक आयी जिम्मेदारी आपकी दिन की योजनाओं में बाधा डाल सकती है। आप पाएंगे कि आप दूसरों के लिए ज्यादा और खुद के लिए कम कर पा रहें। यात्रा के चलते रुमानी संबंध को बढ़ावा मिलेगा। आज आपका कोई छुपा विरोधी आपको गलत साबित करने की पुरजोर कोशिश करेगा। आज सोच–समझकर कदम बढ़ाने की जरूरत है

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनुः** अगर आप पिछले कुछ वक़्त से झुंझलाहट महसस कर रहें हैं तो आपको याद रखना चाहिए कि सही कर्म और विचार आज आपके लिए बहुप्रतीक्षित राहत लेकर आएंगे। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे। आपको ऐसी गतिविधियों में संलग्न होने की जरूरत है, जहाँ आपको अपने समान रुचियों के लोगों से मिलने का मौका मिले। जब आप अपने प्रिय के साथ बाहर जाएँ तो अपने पहनावे और बरताव में नयापन रखें। नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी।

### मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकरः** अपने विचारों को सकारात्मक रखें, क्योंकि आपको ह्यडरह्न नाम के दानव का सामना करना पड़ सकता है। नहीं तो आप निष्क्रिय होकर इसका शिकार हो सकते हैं। पुराने निवेशों के चलते आय में बढ़ोत्तरी नजर आ रही है। दिन को खास बनाने के लिए शाम को परिवार के साथ किसी अच्छी जगह खाने जाएँ। प्रेम–संबंध में गुलाम की तरह व्यवहार न करें। तनख़्वाह में बढ़ोतरी आपको उत्साह से भर सकती है। यह वक़्त अपनी सभी निराशाओं और परेशानियों को मिटाने का है।

### कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभः** दोस्तों का रुख सहयोगी रहेगा और वे आपको खुश रखेंगे। दिन की शुरूआत में ही आज आपको कोई आर्थिक हानि हो सकती है जिससे सारा दिन खराब हो सकता है। अपने बच्चों के लिए योजना बनाने के लिहाज से अच्छा दिन है। व्यक्तिगत संबंध संवेदनशील और नाजुक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में किसी विशेष व्यक्ति से आपकी मिलाकात हो सकती है। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है। जीवनसाथी के रिश्तेदारों का दखल वैवाहिक जीवन का सन्तुल बिगाड़ सकता है। जीवन साथी से पूर्णरूपेण सहयोग न मिलने के कारण आप निराश हो सकते हैं।

### मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीनः** अनचाहे खयालों को दिमाग पर कब्जा न करने दें। शांत और तनाव–रहित रहने की कोशिश करें, इससे आपकी मानसिक दृढ़ता बढ़ेगी। मनोरंजन और सौन्दर्य में इजाफे पर जरुरत से ज्यादा वक़्त न खर्च करें। कोई चिट्ठी या ई–मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी खबर लाएगी। रोमांचक दिन है, क्योंकि आपके प्रिय का फोन आएगा। कार्यक्षेत्र में परिस्थितियाँ आपके पक्ष में लगती हैं। आपके घर वाले आज आपसे कई परेशानियां शेयर करेंगे लेकिन आप अपनी ही धुन में मस्त रहेंगे और खाली समय में कुछ ऐसा करेंगे जो करना आपको पसंद है।

# लौंग से पाएं इन प्रॉब्लम से छुटकारा

लौंग खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। वर्तमान समय में प्रदूषण के कारण शरीर को काफी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता है। लौंग सब्जी का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ छोटी-मोटी बीमारियों से बचाने में मददगार होते हैं। आज हम आपको बताएंगे लौंग हमारे लिए किस तरह से फायदेमंद है।

- लौंग एक प्राकृतिक दर्द निवारक हैं और साथ ही यह रोगाणु से भी बचाता हैं। भुना हुआ लौंग गले की खराश से छुटकारा पाने में मदद करता है।
- लौंग बहुत तीव्र होता हैं, घाव के इलाज के लिए जैतून के तेल में थोड़ा-सा लौंग का तेल मिलाकर घाव पर लगाने से आप घाव से बहुत जल्द छुटकारा पा सकते हैं।
- भुने हुए लौंग का सेवन करने से आप उल्टी, दस्त, आंत्र गैस और पेट के दर्द आदि प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते हैं।





# एवोकाडो से करें त्वचा को मॉश्चराइज

**त्वचा को मॉश्चराइज करता है :** मॉश्चराइजेशन त्वचा की जरूरत है। हालांकि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आपका स्किन टाइप क्या है। एवोकाडो में हेल्दी फैटी एसिड होता है जो त्वचा को मॉश्चराइज करने में मदद करता है। ये आपकी त्वचा को सॉफ्ट बनाएं रखता है। साथ ही त्वचा को पोषण देने में मदद करता है। आप चाहे तो एवोकाडो का इस्तेमाल घरेलू उपायों में कर सकते हैं। इसके अलावा एवोकाडो ऑयल का भी उपयोग कर सकते हैं।

**एंटी एजिंग :** आप एवोकाडो का इस्तेमाल एजिंग के लक्षणों को कम करने के लिए कर सकते हैं। इसमें एंटी ऑक्सीडेंट, विटामिन सी, विटामिन ई की भरपूर मात्रा होती है जो फ्री रेडिकल्स से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। ये आपकी त्वचा को नरिश रखने में मदद करता है। साथ ही झुर्रियों से छुटाकारा दिलाने में भी मदद करता है। इसके अ..वा त्वचा में कसाव लाता है।

**एक्ने से छुटकारा दिलाता है :** ज्यादातर लोग मुंहासों की समस्या से परेशान रहते हैं। इसकी वजह से त्वचा में जलन महसूस होती है। आप मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए ्वोकाडो को पीसकर लगाएं। इसके अलावा आप एवोकाडो युक्त क्रीम या ऑयल भी लगा सकते हैं।

**सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है :** एवोकाडो त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने का काम करता है। यूवी रे की वजह से फाइन लाइंस, झुर्रियां और एजिंग के अन्य लक्षण नजर आते हैं। इससे बचने के लिए एवोकडो युक्त प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें।

**त्वचा को मुलायम रखता है :** एवोकाडो में हेल्दी फैट्स और विटामिन्स होते हैं जो त्वचा को रिपेयर क र ने में मदद करते हैं। ये आपकी त्वचा को रेडिएंट और साफ रखता है। ये त्वचा में होने वाली जलन से भी राहत दिलाता है।

# कच्चे मटर सेहत के लिए फायदेमंद

**हम सभी लोगो को मत्र का सेवन बहुत पसंद होता है कई लोग तो इन्हे हर सब्जी में डाल के खाना बहुत पसंद करते है।लेकिन क्या आपको यह पता है मटर को कच्चा खाने के कई सारे फायदे है जो हम आज आपको बताते है।**

हरी मटर में विटामिन C की मात्रा का अत्यधिक भंडार होता है जिससे आपकी हड्डियों को बहुत मजबूती मिलती है। मटर में वजन कम करने के गुण भी है क्योंकि इसमें लो कैलोरी पायी जाती है और फैट भी बहुत ही कम मात्रा में होता है।

मटर से ब्लड़ में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा भी बहुत संतुलित रहती है अगर पेट में कैंसर की बीमारी है तो इस बीमारी के लिए तो मटर एक ओषधि की तरह काम करता है।

ये प्रेग्नेंट महिलाओ के लिए भी बहुत फायदेमंद है इसमें फोलिक एसिड पाया जाता है जो प्रेग्नन्सी में बहुत फायदेमंद होता है।

इससे हार्ट की बीमारियों का भी खतरा बहुत कम होता है इसमें एंटी - इनफ्लैमेट्टरी कम्पाउंड और एंटी - ऑक्सीडेंट भी बहुत ही भरपूर मात्रा में पाए जाते है।





# सेहत के लिए हानिकारक ठंडे पानी का सेवन

पानी हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक होता है लेकिन ऐसा तभी हो सकता है जब वो पूर्णतः शुद्ध और साफ़ होने के साथ ठंडा ना हो क्योकि ठंडा पानी हमारे लिए अत्यधिक नुकसानदायक होता है। एक सामान्य स्वस्थ मनुष्य के शरीर का तापमान तकरीबन 98.6 डिग्री सेल्सियस होता है और ऐसे में हमें लगभग 22 से 24 डिग्री सेल्सियस तक का पानी जरूर पीना चाहिए क्योकि जब आप इस तापमान से कम तापमान का पानी पीते है तो उसे पचने में तकरीबन 7 घंटे लग जाते है। जब आप बहुत ही सामान्य पानी पीते है तो उसे पचने में तकरीबन तीन घंटे का समय लगता है तो गुनगुना पानी एक घंटे में ही पूरी तरह पच जाता है और शरीर में एंटी ओक्सिडेंट फ्लो होने लगते है जो की शरीर को शुद्ध करते है।

# आंतों की सफाई करने का आसान तरीका



अपनी आंतों की सफाई करने का बेहतरीन तरीका। जो पको लगभग 15 दिनों में एक बार जरूर करनी चाहिए। ऐसा करने से आपको पेट की समस्या नहीं होगी जैसे कि कब्ज का होना और पेट दर्द का होना। कब्ज की शिकायत से राहत मिलेगी ही साथ ही आपको अनेकों बहुत सी बीमारियों से राहत मिलेगी। तो चलिए जानिए कैसे करे 15 दिनों में अपनी आंतों की सफाई।ऐसा करें-

आप एक चम्मच त्रिफला पाउडर लें और एक चम्मच शहद लें फिर आप इन दोनों को एक गिलास दूध में डालकर अच्छे से मिला लें। मिलाने के बाद आप इस दूध को लगभग 5 मिनट तक ऐसे ही रख दें। फिर आप उसको पी लें व सो जाए। ऐसा करने के बाद जब आप सुबह उठकर शौच जाएंगे तो आपका पेट उस वक्त साफ हो जाएगा पूरा गंदगी उस समय एक झटले मव बाहर निकल जाएगी। यह आयुर्वेदानुसार बेहद कारगर तरीका है आंतों की सफाई करने का।

# ऐसे बनाएं लहसुन-अदरक का पेस्ट

## 6 महीने तक नहीं होगा खराब

**लहसुन और अदरक का इस्तेमाल खाना बनाने के दौरान मसाले के तौर पर किया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि लहसुन और अदरक दोनों में कई तरह के गुण मौजूद होते हैं जो हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद हैं। लहसुन और अदरक दोनों में एंटी-इंफ्लामेटरी तत्व पाए जाते हैं जो कोशिकाओं की टूट-फूट में मरम्मत के लिए काम आता है। दोनों दिल की सेहत के लिए बहुत कारगर नुस्खा है। इसके अलावा लहसुन और अदरक में एंटीकैंसर गुण की मौजूदगी का भी पता चला है। इसमें इम्युन सिस्टम को भी सही करने की क्षमता होती है।**

इतनी सारी गुणकारी चीजों के कारण किचन में लहसून और अदरक का बहुत महत्व है। हालांकि लोग अदरक और लहसुन के पेस्ट को अलग-अलग तरह से बनाते हैं लेकिन इनमें ज्यादातर पेस्ट जल्दी खराब हो जाते है और उसमें टेस्ट भी बहुत अच्छा नहीं बन पाता है। इंडियन एक्सप्रेस की खबर के मुताबिक इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए फूड ब्लॉगर ने अदरक और लहसुन का पेस्ट बनाने की विधि बताई गई है। इस विधि से बनाने पर पेस्ट 6 महीने तक तरोताजा रहता है। आइए जानते हैं आरती मदान द्वारा बताई गई अदरक और लहसून का पेस्ट बनाने की विधि - लहसून-अदरक पेस्ट बनाने के लिए सामग्री, 150 ग्राम अदरक, 250 ग्राम लहसुन, इच्छानुसार नमक, तेल

### बनाने की विधि

सबसे पहले अदरक को छीलकर बारीक कर लें। इसके बाद इसे बिना पानी के ग्राइंडर में पीस ले। इसके बाद अच्छे से लहसुन के छिलके को उतारें और अदरक के साथ ही जार में डाल दें। याद रहे पानी और मॉइश्चर बिल्कुल नहीं रहना चाहिए। दोनों को अच्छी तरह ग्राइंड कर लें। जब तक पूरी तरह से बारीक पेस्ट तैयार नहीं हो तब तक ग्राइंडर चलाते रहे। अगर जार छोटा हो तो पहले थोड़ा सा ग्राइंड कर लें। इसके बाद बाकी को भी उसी में ग्राइंड कर दें।

अच्छी तरह से पेस्ट बन जाने के बाद जार में ही नमक डाल दें और टेबलस्पून तेल मिलाएं। याद रहे टेबल स्पून तेल और नमक ही इस पेस्ट की सेल्फ लाइफ को बढ़ाता है। तेल और नमक डालने के बद ग्राइंडर को फिर से चला दें। इसके बाद पेस्ट का टेक्सचर बहुत अच्छा और क्रीमी हो जाएगा। आपका पेस्ट तैयार हो गया। अब सबसे ध्यान देने वाली बात इसे स्टोर करने को लेकर है। जिंजर-गार्लिक पेस्ट को स्टोर करने के लिए एक कांच का जार लें। ध्यान रहें जार पूरी तरह से ड्राई हो और वह एयर टाइट भी हो। प्लास्टिक का जार इस्तेमाल न करें। जार में पेस्ट को बंद करने के बाद इसे फ्रीज में रख दें। पांच से छह महीने तक यह पेस्ट खराब नहीं





# नींबू के पत्ते हमारे लिए लाभदायक

नींबू खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ साथ सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नींबू का अनोखा गुण यह है कि इसकी खट्टी खुशबू खाने से पहले ही मुंह में पानी ला देती है। चाट हो या दाल कोई भी व्यंजन इसके प्रयोग से और भी स्वादिष्ट हो जाता है। यह फल खट्टा होने के साथ-साथ बेहद गुणकारी भी है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि नींबू के पत्ते नींबू से ज्यादा फायदेमंद होते है। आज हम आपको बताएंगे कैसे नींबू के पत्ते हमारे लिए फायदेमंद है।

दिनभर काम काज की वजह से लोगों में सिरदर्द की प्रॉब्लम काफी देखने को मिल रही है। नींबू के पत्तों का रस निकालकर नाक से सूंघने से आप कुछ समय में ही सिरदर्द की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

हररोज सुबह खाली पेट एक चम्मच नींबू रस और एक चम्मच ज़ैतून तेल का सेवन करने से आप पत्थरी की प्रॉब्लम से छुटकारा पा सकते है।

पेट के कीड़ों के लिए नींबू के पत्ते बहुत फायदेमंद है। 10 ग्राम नींबू के पत्तों का रस और 10 ग्राम शहद के मिश्रण का सेवन करने से आप 10-15 दिनों में पेट के कीड़ों से छुटकारा पा सकते हैं।

# बेड टी की आदत हो सकती है खतरनाक

**सुबह की चाय की आदत हमारे शरीर और दांतों के लिए ठीक नहीं है. आपके मुंह की साफ सफाई पर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है. ज्यादातर लोगों को सुबह उठते ही चाय पीने की लत होती है. इसे बेड टी भी कहते हैं. लोगों की ये लत काफी खतरनाक और हानीकारक होती है. सुबह की चाय की आदत हमारे शरीर और दांतों के लिए ठीक नहीं है. आपके मुंह की साफ सफाई पर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है. जरूरी है कि आप सुबह में चाय या कौफी पीने से पहले अपने दांत और मुंह साफ करें. बेड टी क्यों नहीं लेनी चाहिए इसके कुछ कारण बताएंगे हम.**



### दांतों और मसूड़ों के लिए है खतरनाक

बिना मुंह धोए चाय पीने से मुंह में मौजूद बैक्टीरिया शुगर में आ जाते हैं, इससे मुंह में एसिड लेवल बढ़ जाता है और यह इनामेल या दांतों के बाहरी आवरण को खराब कर देता है. कैवीटी पैदा होने का यह सबसे मुख्य कारण है.

### पाचन पर होता है बुरा असर

बिना मुंह धोए जब आप चाय पीती हैं तो, मुंह के सारे बैक्टीरिया पेट में पहुंचते हैं, इससे पाचन क्रिया प्रभावित होती है.

### इन्फेक्शन का खतरा बढ़ जाता है

सुबह उठते ही चाय पीने की आदत अलसर के खतरे को बढ़ा देती है. इससे पेट में सूजन हो सकती है और इससे इन्फेक्शन का खतरा हो सकता है.

### बढ़ता है एसिडिटी का लेवल

रात में सोने के बाद आपके मुंह में हजारों बैक्टीरिया पैदा होते हैं. शरीर पर इसका बुरा असर होता है. सुबह उठते ही चाय पीने से ये सारे बैक्टीरिया पेट में चले जाते हैं. इससे आपके पेट में एसिड लेवल बढ़ सकता है और कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं.

### शरीर में बढ़ता है टौक्सिन लेवल

जानकारों का मानना है कि सोने के बाद शरीर में काफी टौक्सिक पदार्थ पैदा होते हैं. उन्हें खत्म करने के लिए जागते ही एक ग्लास पानी पीना चाहिए. सुबह उठते ही चाय पीने से आपके रक्त में जहरीले पदार्थ बढ़ सकते हैं. इससे आपके लिवर, फेफड़े और किडनी को टौक्सिन के कारण खतरा हो सकता है.

# सौंदर्य निखारते हैं फूल



**क्या आपने कभी सोचा है कि अंग्रेजी की यह कहावत 'स्टॉप ऐंड स्मेल द रोज़ेस' क्यों मौजूद है? भले ही यह कहावत पुरानी हो घिसपिट गई हो या फिर ना भी हो, लेकिन इस लॉकडाउन ने हमें इतना वक्त तो दिया है कि हम फिर से इस तरह की कहावतों और अन्य तरह की चीज़ों के बारे में सोच सकें कि हमारे लिए सच में क्या महत्वपूर्ण है? आज हम बात कर रहे हैं हम सबकी ज़िंदगी में महत्व रखनेवाले फूलों की। फूलों के साथ सबसे अच्छी बात यह है कि वो पहले इतने सुंदर नहीं दिखते हैं, जितना कि हमारी तारीफ़ करने के बाद दिखने लगते हैं। वैसे भी फूल, बिना किसी शक के प्रकृति की तरफ़ से सौंदर्य के लिए दिए गए बेहतरीन तोहफ़ा हैं, जिनसे हमें सौंदर्य से जुड़े कई लाभ मिलते हैं।**

### गुलाब का फूल

दुनियाभर में प्यार के प्रतीक के रूप में माना जाने वाला गुलाब, सौंदर्य उद्योग में सबसे अधिक इस्तेमाल किए जानेवाले फूलों में से एक है। आप गुलाब जल से परिचित होंगी ही, जो त्वचा को शांति प्रदान करने वाले गुणों से भरपूर होता है। गुलाब का इस्तेमाल ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में भरपूर मात्रा में किया जाता है, क्योंकि यह त्वचा और बालों को धीरे-धीरे मॉइस्चराइज़ करता है, स्किन इंफ़्लेमेशन को कम करता है, यह सेंसेटिव स्किन के लिए भी उपयुक्त होता है और इसकी ख़ूशबू भी लाजवाब होती है। पीएच लेवल को संतुलित करने की वजह से इससे मुंहासों का भी प्रभावी रूप से इलाज होता है।

### चमेली

सबसे सुगंधित फूलों में से एक, चमेली सौंदर्य लाभों का पिटारा है। कहा जाता है कि इस फूल में ऐंटी-एजिंग गुण और पूरी तरह से चेहरे पर जमी गंदगी को साफ़ करने की क्षमता पाई जाती है। इसके अलावा यह पोर्स को क्लीन करने, फ़ाइन लाइन्स को कम करने में मदद करता है। इसके इस्तेमाल से आपको भीनी-भीनी ख़ुशबू भी मिलती है। ऐंटी-ऑक्सिडेंट्स से भरपूर चमेली आपकी स्किन को कई तरह के प्रदूषकों से प्रोटेक्ट करती है। जब आप इसका इस्तेमाल बालों के लिए करती हैं, तो यह हेयर फ़ॉलिक्स को मज़बूत करती है, जिससे बालों का टूटना कम होकर उसकी चमक बरकरार रहती है। आपके बाले घने और मज़बूत बनते हैं।

### गेंदे का फूल

जब बात स्किन ट्रीटमेंट की बात आती है, तो गेंदे का फूल नंबर वन पर आता है। सनबर्न और रैशेस का इलाज करने के साथ ही यह चेहरे के दाग़ और काले धब्बों को कम करने में प्रभावी ढंग से काम करता है। इस फूल से न्यू स्किन टिशूज़ की ग्रोथ बढ़ती है, स्किन के डैमेज्ड एरिया में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा मिलता है और कोलेनज प्रोडक्शन में बढ़ोतरी होती है, जिससे आपकी स्किन सेहतमंद दिखाई देती है। मैरीगोल्ड आमंड ऑयल इस फूल के फ़ायदों को प्राप्त करने के लिए एक बेहतरीन तरीक़ा है।

## आज की रेसिपी

# ब्रेड लजानिया



**सामग्री :**

- 4-5 ब्रेड स्लाइस, 2 टेबल स्पून कॉर्न, 1/2 कप ब्रॉकली, 1/2 कप शिमला मिर्च, 1 कप टमाटर 1/2 कप प्याज, 1 टेबल स्पून चिली सॉस, 1 टी स्पून चिली फ्लेक्स, 1 टी स्पून मिक्स हर्ब्स, स्वादानुसार नमक, 2 टेबल स्पून व्हाइट सॉस, 2 टेबल स्पून रेड सॉस, 1 कप चीज, कद्दूकस, 1 तेज पत्ता, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून कालीमिर्च

**विधि :**

- एक पैन में तेल गरम करें, उसमें काली मिर्च, तेज पत्ता और कटा हुआ लहसुन डालें.
- उन्हें चटकने दें. एक बार हो जाने पर, कटा हुआ प्याज, टमाटर के बाद नमक, लाल मिर्च पाउडर, अन्य इटैलियन सीज़निंग या मिक्स हर्ब डालें.
- एक बार हो जाने के बाद, इसे एक ब्लेंडर में ब्लें ड करें और फिर इसमें चिली सॉस और टोमैटो केचप डालें.
- अब ब्रेड के 3-4 स्लाइस लें, उन्हें बेलन की मदद से बेल लें. इसे एक तरफ रख दें.
- इस बीच, कुछ सब्जियों को फ्राई कर लें.
- एक बड़ा कंटेनर लें, तैयार रेड सॉस डालें, व्हाइट सॉस डालें और फिर कुछ ब्रेड में रखें और ब्रेड के ऊपर सॉस फैलाना दोहराएं.
- एक बार हो जाने के बाद, सब्जियां डालें और इसके बाद बड़ी मात्रा में चीज डालें.
- उसके बाद, दोनों सॉस को फिर से फैलाएं और और चीज डालें, इसे ओवन के अंदर 180 डिग्री पर लगभग 10-12 मिनट के लिए रख दें.

# मेथी दाने के मास्क से रोकें झड़ते बाल



सुंदर काले घने, चमकते और मजबूत बालों की चाहत किसे नहीं होती, लेकिन धूल, मिट्टी, पॉल्यूशनका असर इन पर पड़ता है और ये कमजोर होकर झड़ने लगते हैं। बालों को सेहतमंद रखने के लिए लाख जतन हम करते हैं, लेकिन समस्याएं हैं कि खत्म नहीं होती। ऐसा है तो बालों की समस्याओं से निपटने के लिए एक बार मेथी दाने का इस्तेमाल करके देखें। विश्वास करिए ये बालों को सेहतमंद बनाने में बेहद कारगर है। इसका मास्क तो बेजान बालों में जान फूंक देता है। यह बालों को झड़ने से ही नहीं रोकता बल्कि सिल्की भी बनाता है। यहां हम आपको मेथी दाने से बने हेयर मास्क के बारे में बताने जा रहे हैं। मेथी दाना है कमाल बालों को झड़ने से रोकने के लिए मेथी दाना लाजवाब है। मेथी पोटेशियम से भरपूर होती है। इसे खाने बालों की हर तरह की परेशानी से छुटकारा पाने में मदद मिलती है। औषधीय गुणों वाली मेथी बालों के पोषण में भी अहम भूमिका निभाती है। इससे बाल स्वस्थ और मजबूत रहते हैं। इससे बना हेयर मास्क लगाने से हेयर फॉल, सफेद बाल और रूसी जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

### मेथी दाने से धोएं बाल

बालों को मजबूत और सेहतमंद रखना है तो हफ्ते में दो बार मेथी दाने के पानी से बाल धोएं। इसके लिए रात भर मेथी दाने को पानी में भिगोकर रखें। बाल धोने के लिए सुबह इसे इस्तेमाल में लाएं। अगर बाल रूखे और बेजान हो गए हैं तो परेशान न हो, इसके लिए भी मेथी के बीज हैं। आपको इन्हें पीसकर नारियल या बादाम के तेल में मिलाना है और फिर इसे बालों में लगा लेना है। इन बीजों में विटामिन ए, के, सी, आयरन, कैल्शियम और फोलिक एसिड होता। इससे रूसी दूर होती है और बालों को मजबूती मिलती है।

### मेथी दाने का हेयर मास्क

- रूसी से बचने के लिए मास्क बनाने के लिए मेथी को रात में भिगा लें और सुबह इसे पीसकर इसमें नींबू का रस मिलाकर बालों पर लगाएं। इसके साख मेथी की पत्तियों को उबालकर उसका जूस निकाल लें और इसमें थोड़ा सा दही मिलाकर बालों के लिए इस्तेमाल में ला सकते हैं।
- बाल सफेद होने पर मेथी दाने के पाउडर में आंवला पाउडर नींबू का रस मिलाकर लगाएं और सूखने पर धो दें। मेथी दाने के पाउडर में दूध मिलाकर बालों में इसका इस्तेमाल कंडीशनर की तरह कर सकते हैं।
- मेथी को रात में भिगोकर सुबह इसे पीस लें और सिर पर लगाएं और 45 मिनट बाद धो लें।
- झड़ते बालों के लिए नारियल तेल में नींबू का रस मिलाएं और इसे रात भर भिगाकर रखी गई दो चम्मच मेथी के पेस्ट के साथ बालों की जड़ में लगाएं। 20 मिनट तक इसे लगा रहने दे और शैंपू करने से पहले मसाज करें।

## फटाफट खबरें

### होटल में रुकने पहुंचे युवक-युवती 40 हजार की चपत लगाकर भागे

**खोड़ा।** थानाक्षेत्र स्थित सरला होटल के मालिक अशोक कुमार को बसविंदर, यश राघव, मोहित और दो युवती आशा मोनी व नितिका मनचंद्रा ने 40 हजार रुपये की चपत लगा दी। सभी ने होटल के दो कमरे बुक किए। इसके बाद खाना खाया जिसका बिल भी जमा नहीं किया। सभी पर कमरे में लगी एलसीडी तोड़ने का आरोप है। कुल मिलाकर होटल को 40 हजार रुपये का आर्थिक नुकसान पहुंचाने का आरोप है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्ज मुकदमे में अशोक कुमार ने बताया कि 27 जुलाई को बसविंदर और आशा मोनी होटल के कमरा नंबर 105 में ठहरे हुए थे। उसी दिन यश राघव और नितिका मनचंद्रा ने होटल का कमरा नंबर 122 बुक किया। इसके बाद इनका दोस्त मोहित भी पहुंच गया। आरोप है कि बसविंदर और निकिता मनचंद्रा के कमरे की एलसीडी तोड़ दी। इसके बाद सभी ने होटल में खाना खाया। यहां तक कि कमरे का किराया दिए बगैर एक घंटे में वापस लौटने की बात कहकर चले गए। काफी देर तक वापस न लौटने पर होटल स्टाफ ने कमरे की चेकिंग की तब एलसीडी टीवी टूटने का पता चला। जब युवक-युवतियों को फोन किया तब आरोपी रकम भुगतान के लिए टालमटोल करते रहे। इसके बाद गाली गलौज कर मारने की धमकी भी दे डाली। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। सीसीटीवी कैमरों से मिली फुटेज के आधार पर आरोपियों को ट्रेस किया जा रहा है। जल्द ही गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### कोर्ट आदेश के विरोध में लोगों ने किया पैदल मार्च

**इंदिरापुरम।** आवारा कुत्तों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ गाजियाबाद में भी कुत्ता प्रेमी सड़क पर उतर आए हैं। शनिवार की शाम पीएफए गाजियाबाद की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग इंदिरापुरम स्थित आदित्य मॉल के पास एकजुट हुए। नाराज लोगों ने प्रदर्शन के दौरान सत्ताधारी पार्टी एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने भीड़ को शांत करने का प्रयास किया। शहर की सड़कों और कॉलोनी से आवारा कुत्तों को हटाने के विरोध में शनिवार शाम पशु प्रेमियों ने पैदल मार्च निकाला। इंदिरापुरम में आदित्य मॉल से नोएडा सेक्टर-62 तक लोग नारेबाजी करते हुए पहुंचे और आवारा कुत्तों के संरक्षण की मांग की। आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इस प्रदर्शन का पशु प्रेमियों ने आह्वान किया था। पीएफए गाजियाबाद, जीव आशीष और हाउस ऑफ स्ट्रे एनिमल्स के बैनर तले शनिवार रात इंदिरापुरम स्थित आदित्य मॉल के बाहर सैकड़ों लोग इकट्ठे हुए। महिला और पुरुषों के साथ कई बच्चे भी नारे लिखी तख्ती को हाथ में लेकर शामिल हुए। पीएफए गाजियाबाद की अध्यक्ष सुरभि रावत ने बताया कि शाम सात बजे इंदिरापुरम में आदित्य मॉल से मार्च शुरू हुआ और शिप्रा अंडरपास से होते हुए लोग नोएडा सेक्टर 62 गोल चक्कर पहुंचे। यहां से फिर अंडरपास से होते हुए इंदिरापुरम लौटे और जयपुरिया मॉल पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। पैदल मार्च के दौरान सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही जिसे प्रदर्शन कर रहे लोगों एवं पुलिस ने व्यवस्थित किया।

### देवर ने भाभी पर किया चाकू से जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

**साहिबाबाद।** टीलामोड़ थानाक्षेत्र के सिकंदरपुर निवासी प्रेमू पर अपनी भाभी पिंकी पर जानलेवा हमला करने और चाकू मारकर लहूलुहान करने का आरोप है। महिला फिलहाल निजी अस्पताल में भर्ती है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वारदात 13 अगस्त की है। पुलिस ने महिला के पिता की तहरीर पर 14 अगस्त को मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे में हरियाणा के खेड़ीपुर स्थित पलवली निवासी बुद्धन सिंह ने बताया कि उनकी बेटी पिंकी की शादी योगेश कुमार से हुई। बेटी का देवर प्रेमू आए दिन उन्हें मारने की कोशिश करता है। 13 अगस्त को प्रेमू ने हत्या का प्रयास करते हुए उनकी बेटी पिंकी पर चाकू से कई बार हमला किया। लहूलुहान बेटी ने घर से भागकर अपनी जान बचाई और स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना पर वह अस्पताल पहुंचे और इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी फिलहाल घर से भागा हुआ है। विवाद की वजह क्या रही इसका पता लगाया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

### स्वतंत्रता दिवस पर शराब बेचने का वीडियो वायरल, जांच के आदेश

**लोनी।** राब बिक्री पर रोक के बाद भी चोरी छिपे शराब बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह वीडियो बॉर्डर थाना क्षेत्र के उत्तरांचल विहार कॉलोनी का बताया जा रहा है। मामले में अधिकारियों ने जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ। वीडियो को एक्स पर डालकर शिकायत की गई है। शिकायत में बताया गया कि प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शराब की दुकानों, मॉडल शॉप को बंद रखने के आदेश दिया गया है। इसके बाद भी उत्तरांचल विहार कॉलोनी स्थित शराब मॉडल शॉप के पिछले गेट से चोरी छिपे शराब व बीयर महंगे रेट पर बेची जा रही है। लोगों ने कमेंट करते हुए पुलिस अधिकारियों से दुकान को सील करने की मांग की।

### खाते से 61 हजार रुपये किए ट्रांसफर

**गाजियाबाद।** कविनगर क्षेत्र की गोविंदपुरम निवासी रामचंद्र के खाते से साइबर ठग ने तीन ट्रांजक्शन में 61 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित के मुताबिक उनका बैंक खाता नवयुग मार्केट स्थित एक बैंक में है। पांच अगस्त 2025 को यूपीआई के माध्यम से उनके खाते से पहले 50 हजार, 10 हजार और एक हजार रुपये ट्रांसफर किए गए हैं। पीड़ित का आरोप है कि बिहार के रामनगर भगत सिंह चौके वेस्ट चम्पारण में रहने वाले भोला यादव ने उनके बैंक खाते से रुपये निकाले हैं। इसी जांच उन्होंने बैंक खाते और साइबर टीम से कराई है।

# आम्रपाली प्लेटिनम में 25वीं मंजिल से पत्थर गिरा, 12 साल की बच्ची के सिर में 10 टांके

**नोएडा :** सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी में शनिवार को 25वीं मंजिल से पत्थर गिर गया। इससे 12 साल की बच्ची का सिर का फट गया। उसे 10 टांके लगे हैं। बच्ची के दादा की शिकायत पर कोतवाली सेक्टर-113 की पुलिस ने एनबीसीसी के चीफ जनरल मैनेजर आदित्य पालीवाल, प्रोजेक्ट मैनेजर सुशांत, कृष्णा कंस्ट्रक्शन के कपूर, मैनेजर मंसूर अहमद, साइट इंजीनियर देवेंद्र कुमार, एओए अध्यक्ष आदित्य वशिष्ठ, सचिव अजीत सिंह व उपाध्यक्ष गौरव सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सोसाइटी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि उनकी पोती अद्विका पाटनी शनिवार सुबह साढ़े दस बजे ट्यूशन जा रही थी। वह टावर के पिछले गेट से निकल रही थी तभी पत्थर उसके सिर पर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे मदरलैंड अस्पताल ले जाया गया। यहां से उसे रेफर कर दिया गया। बच्ची के सिर में 10 टांके लगे हैं।



बच्ची के सिर में गहरा घाव हो गया है। चिकित्सकों के मुताबिक, घाव भरने में अभी वक्त लगेगा। इस घटना के बाद लोगों में नाराजगी है। सूचना मिलने के बाद सेक्टर-113 थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। आरोप है कि यह पत्थर टावर ए में चल रहे मरम्मत कार्य की वजह से गिरा है।

**दादी बोलीं, दो बार हो चुकी है सर्जरी :** दादी प्रतिभा ने बताया कि हादसे के बाद अद्विका की सुबह से दो सर्जरी हो चुकी हैं। वह फोर्टिस अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। माता-पिता रात भर उसके पास ही रहे। अद्विका डीपीएस सेक्टर 122 में पढ़ती है और वह सातवीं क्लास की छात्रा है। आम्रपाली प्लेटिनम में परिवार के साथ ए टावर में रहती है।

**चल रहा मरम्मत कार्य, सुरक्षा व्यवस्था दरकिनार :** आरोप है कि सोसाइटी में चल रहे मरम्मत कार्य में किसी तरह के सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है। ग्रीन पर्दा, वॉर्निंग बोर्ड, सेफ्टी नेट नहीं लगाए गए हैं। एनबीसीसी के जरिये कृष्णा कंस्ट्रक्शन मरम्मत कार्य कर रहा है। इसकी निगरानी की जिम्मेदारी अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन (एओए) की भी है। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं लेकिन एओए ने शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया। एडीसीपी सुमित शुक्ला का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बच्ची की हालत में सुधार है। जांच के क्रम में आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं एओए के सचिव अजीत सिंह का कहना है कि सोसाइटी में 2020 से एनबीसीसी काम कर रहा है। एनबीसीसी की तरफ से ही कंस्ट्रक्शन कंपनी से मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इसमें एओए की कोई भूमिका नहीं है।

## कुत्ता पकड़ने गई टीम को लेकर सोसायटी में जमकर हुआ बवाल



**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन के देविका स्काईपर्स सोसायटी में शनिवार को कुत्ता पकड़ने गई निगम की टीम को लेकर जमकर बवाल हुआ। सोसायटी के लोगों की आपस में गहमा-गहमी के चलते पुलिस को बीच में हस्तक्षेप करना पड़ा। लोगों ने जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।

शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। नगर निगम में हर महीने 10-15 शिकायतें कुत्तों के काटने की आ रही हैं। महापौर सुनीता दयाल ने पशु चिकित्सा एवं कल्याण विभाग को अधिक से अधिक कुत्तों की नसबंदी करने के निर्देश दिए हैं। सोसायटी निवासी अंजनी सैनी ने बताया कि सोसायटी में आवारा कुत्ते लगातार बच्चों पर हमला कर रहे थे। इसको लेकर सोसायटी के लोगों ने नगर निगम में शिकायत की थी। शनिवार को नगर निगम की टीम जब सोसायटी में कुत्ता पकड़ने के लिए पहुंची तो सोसायटी के कुत्ता प्रेमियों ने निगम की टीम का विरोध शुरू कर दिया। इसके बाद जिनके बच्चों को कुत्तों ने हमला कर घायल किया था। वह भी उनके सामने आ गए और कुत्तों को पकड़ने का समर्थन करने लगे। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ने लगा। कुत्ता प्रेमी निगम के वाहनों के सामने खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। इसके बाद लोगों ने पुलिस बुला ली।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इस संदर्भ में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष ने बताया कि शिकायत के बाद निगम की टीम मौके पर कुत्तों को पकड़ने गई थी। लोगों के विरोध के बाद भी कुत्तों को पकड़कर नसबंदी के लिए वेलनेस सेंटर भेज दिया गया है।

# डेनिम कचरे का फैशन में रूपांतरण, पर्यावरण को भी मिलेगा बड़ा लाभ

### शोधार्थियों ने विकसित की नई तकनीक

**नई दिल्ली :** भारत में हर साल लाखों टन पुराने कपड़े कचरे में तब्दील होकर लैंडफिल में दफन हो जाते हैं, जहां उन्हें गलने-सड़ने में वर्षों लग जाते हैं और वे जलवायु परिवर्तन में अपना मौन योगदान देते रहते हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) दिल्ली के वैज्ञानिकों ने अब डेनिम कचरे को नए जैसे आरामदायक और स्टाइलिश कपड़ों में बदलने की ऐसी तकनीक विकसित की है, जो न केवल फैशन उद्योग में नया ट्रेंड ला सकती है बल्कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और कपास की खेती पर दबाव को भी उल्लेखनीय रूप से घटा सकती है।

भारत में हर साल करीब 39 लाख टन पुराने कपड़े कचरे के रूप में फेंके जाते हैं, लेकिन इनमें से केवल 4 फीसदी ही रीसायकल हो पाते हैं। बाकी कपड़े लैंडफिल में चले जाते हैं, जहां उन्हें नष्ट होने में लंबा समय लगता है और इस दौरान वे पर्यावरण पर गंभीर असर डालते हैं। पुराने कपड़ों को रीसायकल करना आसान नहीं होता, क्योंकि उनके रंग और फाइबर की बनावट अलग-अलग होती है। इसके अलावा पारंपरिक मेकेनिकल रीसाइक्लिंग के दौरान फाइबर की मजबूती और लंबाई घट जाती है, जिससे नए कपड़ों की गुणवत्ता कम हो जाती है।

इसी चुनौती का समाधान खोजते हुए आईआईटी दिल्ली के टेक्सटाइल और फाइबर इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अभिजीत मजूमदार और प्रोफेसर बी. एस. बुटोला के नेतृत्व में एक शोध दल ने ऐसी उन्नत तकनीक तैयार की है, जिसमें पुराने डेनिम कचरे को बिना गुणवत्ता खोए नए पहनने योग्य कपड़ों में बदला जा सकता है। इस प्रक्रिया में तैयार धागों (यार्न) को सीमलेस होल गारमेंट तकनीक से बुना जाता है और कपड़े में 25 से 75 फीसदी तक




रीसायकल धागों का उपयोग संभव है। शोध में पाया गया कि 50 फीसदी तक रीसायकल धागों के उपयोग के बावजूद कपड़े के स्पर्श, गुणवत्ता और आराम में कोई कमी नहीं आती।

### ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी

इस शोध के निष्कर्ष जर्नल ऑफ क्लीनर प्रोडक्शन में प्रकाशित हुए हैं। पानीपत के टेक्सटाइल रीसाइक्लिंग क्लस्टर से जुटाए गए आंकड़ों के आधार पर अध्ययन में पाया गया कि इस तकनीक से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, अम्लीय वर्षा और जीवाश्म ईंधन की खपत जैसे पर्यावरणीय प्रभावों में 30 से 40 फीसदी तक कमी लाई जा सकती है। वहीं ओजोन परत के नुकसान को करीब 60 फीसदी तक घटाया जा सकता है। इसके कारण रीसायकल फाइबर के उपयोग से कपास की खेती पर निर्भरता घटती है जिससे कीटनाशक, उर्वरक और पानी की खपत में कमी आती है।

शोधकताओं का कहना है कि यह तकनीक फैशन उद्योग के लिए एक गेम चेंजर साबित हो सकती है। एक ओर यह पर्यावरण संरक्षण को गति देगी तो दूसरी ओर उपभोक्ताओं को ऐसे कपड़े मुहैया कराएगी जो स्टाइल और आराम दोनों में समझौता न करें।

# नेहरू प्लेस में फाइव स्टार होटल से 10,000 करोड़ कमाएगा डीडीए, एलजी सक्सेना की देखरेख में नई योजना शुरू

**दिल्ली:** नेहरू प्लेस में डीडीए की 2 एकड़ जमीन फाइव स्टार होटल बनाने का ठेका फ्लूर होटल्स प्राइवेट लिमिटेड को मिला है। इस प्रोजेक्ट से 55 साल में डीडीए को करीब 10,000 करोड़ रुपये की कमाई होगी। ये दिल्ली का सबसे बड़ा 500 कमरों वाला होटल होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना की देखरेख में डीडीए ने पुराने फ्रीहोल्ड और स्थायी लीज मॉडल की बजाय नई लाइसेंस संपत्ति योजना शुरू की है। इसका मकसद दिल्ली की कीमती जमीन को होटल, वेयरहाउस, स्वास्थ्य और बड़े रिटेल प्रोजेक्ट के लिए इस्तेमाल करना है। इससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।

इसमें पहला प्रोजेक्ट नेहरू प्लेस में 2 एकड़ जमीन पर फाइव स्टार होटल का है। इस साल 2 मई को इसके लिए निविदा जारी हुई थी। 13 अगस्त को नीलामी में फ्लूर होटल्स ने 27.19 करोड़ रुपये सालाना लाइसेंस फीस की बोली लगाकर ठेका जीता। ये राशि तय न्यूनतम फीस 18 करोड़ से 50 फीसदी ज्यादा है। इस फीस में हर साल बढ़ोतरी होगी जिससे 55 साल में डीडीए को करीब 10,000 करोड़ रुपये मिलेंगे।

### दिल्ली का सबसे बड़ा होटल बनेगा

फ्लूर होटल्स, लेमन ट्री होटल्स की सहायक कंपनी है। ये औरिका-नेहरू प्लेस नाम से 500 से ज्यादा कमरों वाला दिल्ली का सबसे बड़ा होटल बनाएगी। ये होटल शानदार कमरे, बेहतरीन डाइनिंग, बड़े बैंक्वेट हॉल और आधुनिक सुविधाओं के साथ बिजनेस व पर्यटन यात्रियों को आकर्षित करेगा।

लेमन ट्री होटल्स के चेयरमैन पतंजलि केसवानी ने कहा कि दिल्ली उनके लिए खास है। औरिका-नेहरू प्लेस स्टाइल, आराम और शानदार सेवा का प्रतीक होगा। इस योजना से डीडीए को भारी राजस्व मिलेगा। होटल प्रोजेक्ट से रोजगार के नए अवसर बनेंगे।

## लोन चुकाए बिना दंपती ने बेचा मकान, मुकदमा दर्ज




**खोड़ा।** थानाक्षेत्र के इंदिरा विहार निवासी अखिलेश गुप्ता ने दिल्ली के मंडावली निवासी अजय खोसला और उनकी पत्नी कुसुम समेत दो अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्हें आरोपियों ने वह मकान बेचा जिस पर उन्होंने पहले से फर्जी लोन ले रखा था। मकान खरीदने के बाद उन पर फाइनेंस कंपनी मकान खाली करने का दबाव बना रही है। थाना पुलिस से लेकर कमिश्नर कार्यालय तक शिकायत करने के बाद भी पीड़ित का मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। एक वर्ष बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शुरूआती कार्रवाई करते हुए 14 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया है।

दर्ज मुकदमे में अखिलेश गुप्ता ने बताया कि 28 अप्रैल 2024 को उन्होंने इंदिरा विहार स्थित 50 गज में बना मकान 33 लाख रुपये में खरीदा था। इसके लिए उन्होंने निजी फाइनेंस कंपनी से करीब 28 लाख रुपये का लोन लिया था। 29 अप्रैल को एक अन्य निजी फाइनेंस कंपनी के कुछ कर्मचारी उनके मकान पर पहुंचे और घर खाली करने को कहा। साथ ही ऐसा न करने पर जबरन घर खाली कराने की धमकी दी। बताया कि बातचीत करने पर पता चला कि दंपती अजय खोसला और उनकी पत्नी ने मकान पर पहले से ही लोन ले रखा था जिसका भुगतान किए बिना ही उन्होंने बिक्री कर दी। इसकी शिकायत उन्होंने 29 अप्रैल को ही खोड़ा थाने में की थी। कोई कार्रवाई नहीं हुई तब उन्होंने छह जून को कमिश्नर से मामले की शिकायत करते हुए इंसाफ की मांग की। तब भी पुलिस ने अनदेखी कर दी। इसके बाद उन्होंने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर 14 अगस्त को पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि जिन दो फाइनेंस कंपनियों का जिक्र पीड़ित ने किया है उन कंपनियों से दस्तावेज मांगे गए हैं। साथ ही आरोपियों का भी पता लगाया जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

## वजीराबाद रोड पर डबल डेकर फ्लाईओवर का काम अटका, नहीं मिली हरे पेड़ों को हटाने की अनुमति

**दिल्ली :** भजनपुरा और यमुना विहार के बीच बन रहे डबल डेकर फ्लाईओवर का काम पेड़ों को हटाने की अनुमति नहीं मिलने से अटक गया है। यह फ्लाईओवर दिल्ली मेट्रो के मौजपुर से मजलिस पार्क कॉरिडोर का हिस्सा है जिसमें ऊपरी डेक पर मेट्रो व निचले डेक पर चार लेन का फ्लाईओवर होगा। फ्लाईओवर के दोनों उतरने वाले हिस्सों (भजनपुरा और बृजपुरी) में करीब 80 से अधिक हरे पेड़ आ रहे हैं। मेट्रो ने कॉरिडोर के लिए वायाडक्ट का निर्माण पूरा कर लिया है लेकिन सड़क को फ्लाईओवर से जोड़ने वाले दोनों तरफ के रैंप पेड़ों की वजह से अभी तक नहीं बन सके हैं। यह दिल्ली का पहला डबल-डेकर वायाडक्ट है जिसके निचले डेक में चार लेन की सड़क होगी। भजनपुरा और यमुना विहार के बीच यह खंड करीब 1.4 किलोमीटर लंबा है। कुछ महीनों से काम रुके होने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री परवेश वर्मा ने हाल ही में निर्माण कार्य की समीक्षा की



थी और विभाग को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया था। परियोजना का निर्माण डीएमआरसी कर रही है जबकि धनराशि दिल्ली सरकार दे रही है। इसका रखरखाव पीडब्ल्यूडी करेगा।

**2021 में हुई थी घोषणा :** दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत बन रहे तीन डबल-डेकर वायाडक्ट में से यह पहला है। इसकी घोषणा 2021 में की गई थी। तीनों में से सबसे लंबा 2.4 किलोमीटर का वायाडक्ट संगम विहार और आंबेडकर नगर स्टेशनों के बीच एयरोसिटी-तुगलकाबाद कॉरिडोर पर होगा।

दूसरा वायाडक्ट आजादपुर और रानी झांसी रोड चौराहे के बीच आरके आश्रम मार्ग-जनकपुरी पश्चिम कॉरिडोर पर 2.2 किलोमीटर लंबा होगा। मौजूदा समय में भजनपुरा और यमुना विहार के बीच बनाए जा रहे डबल डेकर फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है।

**ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात :** फ्लाईओवर बनने से भजनपुरा, यमुना विहार, मौजपुर व आसपास के लाखों लोगों को रोजाना लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। लंबी दूरी वाले वाहन सीधे फ्लाईओवर से गुजर सकेंगे जिससे स्थानीय यातायात पर दबाव कम होगा। खास बात यह भी है कि खजूरी चौक उत्तर पूर्वी दिल्ली में प्रमुख ट्रैफिक बिंदु है।

# यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर चली गोली, हमलवारों ने किए 24 से 25 राउंड फायर

**गुरुग्राम :** हरियाणा के गुरुग्राम में मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर फायरिंग का मामला सामने आया है। सुबह करीब 5:30 बजे की यह घटना है। जिस समय एल्विश यादव के घर पर गोली चली, उस दौरान घर पर उसकी मां सुषमा यादव मौजूद थीं। सेक्टर 56 थाना पुलिस मौके पर मामले की जांच करने में जुटी है।

जानकारी के अनुसार, गुरुग्राम के गांव वजीराबाद में एल्विश यादव के घर पर बाइक सवार अज्ञात हमलवारों ने करीब 24 से 25 राउंड फायर किए। फायरिंग होते ही एल्विश यादव के घर केयरटेकर का काम करने वाला शख्स घबराकर अंदर भाग गया। साथ ही जानकारी एल्विश यादव के पिता मास्टर राम अवतार को दी। मास्टर राम अवतार ने बताया कि हमलावर ताबड़तोड़ गोलियां



चलाकर भाग गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है, हमें पुलिस की कार्रवाई पर पूरा विश्वास है। आपको बता दें कि बिग बॉस में जाने के बाद एल्विश यादव की अलग पहचान थी। उनका विवादों से पुराना नाता है।

इससे पहले, इलाहाबाद हाईकोर्ट से यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ा झटका लगा था। कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में दाखिल चार्जशीट और जारी समन आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर किया था।

ऐसे में अब उन्हें रेव पार्टी में ड्रग्स व सांप के जहर का लोगों को नशा कराने के आरोप में दर्ज मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने 12 मई को यह याचिका खारिज की थी।

गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, थाना सेक्टर-49 में एल्विश यादव के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की कई धाराओं में व रेव पार्टी में ड्रग्स और सांप के जहर का लोगों को सेवन कराने व अन्य कई आरोप में मुकदमा दर्ज है। आरोपपत्र में कहा गया था कि यूट्यूब वीडियो बनाने के लिए सांपों और सांप के जहर का दुरुपयोग किया गया था।

## बुखार उतरने पर एक सप्ताह तक दर्द और कमजोरी से परेशान हो रहे लोग

**गाजियाबाद।** बरसात के कारण हो रहे संक्रमण से बैक्टीरिया से लोग बुखार से बीमार हो रहे हैं। वायरल, जुकाम और शरीर में दर्द मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि बुखार उतरने के बाद भी मरीजों को लंबे समय तक शरीर में दर्द, थकान और कमजोरी की समस्या हो रही है। सामान्यतः शरीर को पूरी तरह स्वस्थ होने में 10 से 15 दिन का समय लगता है। इस दौरान अगर लोग जल्दबाजी में भारी कामकाज शुरू कर देते हैं तो हालत फिर बिगड़ सकती है।

एमएमजी अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ.संतराम वर्मा ने बताया कि कई बार बुखार उतर जाने के बाद भी शरीर के अंदर एलर्जन, सूजन और कमजोरी बनी रहती है। मांसपेशियों में दर्द, थकान और खांसी होती है। यह स्थिति सामान्य है धीरे-धीरे ठीक होती है। लेकिन कई मरीज इसे नजरअंदाज



कर जल्दी सामान्य दिनचर्या अपनाने लगते हैं। ऐसे में शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और रिकवरी की प्रक्रिया धीमी हो जाती है।

संयुक्त अस्पताल के फिजिशियन डॉ. राहुल वर्मा ने बताया कि इस समय रोजाना करीब 150 से 200 मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें से कई मरीज ऐसे हैं जो बिना डॉक्टर की सलाह के दर्द निवारक दवाएं ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि यह आदत खतरनाक हो सकती है। दर्द निवारक दवाएं लिवर और गुर्दे पर असर डालती हैं और डेंगू जैसे रोगों में प्लेटलेट्स की संख्या को और कम कर सकती हैं। गलत दवा का इस्तेमाल गंभीर जटिलताओं को जन्म दे सकता है। डॉ.वर्मा का कहना है कि बुखार के बाद शरीर को आराम देने की जरूरत होती है। मरीजों को पर्याप्त नींद लेनी चाहिए, पौष्टिक भोजन करना चाहिए और तरल पदार्थों का सेवन बढ़ाना चाहिए। प्लेटलेट्स बढ़ाने के लिए पपीते के पत्तों का रस, मौसमी फल, नारियल पानी और हरी सब्जियां फायदेमंद होती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि तैलीय और मसालेदार भोजन या बाजार का खाना फिलहाल नुकसानदायक साबित हो सकता है। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अरविंद डोगरा का कहना है कि मरीजों को यह समझना जरूरी है कि बुखार से ठीक होना केवल शरीर का तापमान सामान्य होने भर से नहीं है।

# गावस्कर पूरे इंडिया को हिला देता

## पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलने पर पूर्व खिलाड़ी सचिन-बीसीसीआई पर भड़का




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज करसन घावरी ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के पटौदी ट्रॉफी का नाम बदलने पर नाराजगी जताई है। भारत के 2025 में इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट सीरीज का नाम बदलकर तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी कर दिया गया। घावरी ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड पर नाम बदलने से न रोकने के लिए निशाना साधा है।

घावरी ने यह भी कहा है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का नाम बदला जाए तो दिग्गज सुनील गावस्कर पूरे भारत को हिलाकर रख देते। 2007 की सीरीज के दौरान भारत के पहले टेस्ट मैच के 75 वर्षों के उपलक्ष्य पर ईसीबी ने दोनों देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान (टाइगर) पटौदी के नाम पर ट्रॉफी का नाम रखा था।

### ईसीबी ने बदला ट्रॉफी का नाम

टाइगर को भारत के सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक माना जाता है। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 46 मैचों में से 40 में नेतृत्व किया था। हालांकि, नाम और ट्रॉफी ईसीबी के विवेकाधिकार में आने के कारण बोर्ड ने इस वर्ष की शुरुआत में सीरीज का नाम बदलने का फैसला किया।पटौदी के नाम की जगह तेंदुलकर और इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को यह सम्मान दिया गया।

### घावरी ने बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर पर निशाना साधा

विक्की लालवानी के साथ एक यूट्यूब शो में बात करते हुए घावरी ने बीसीसीआई और सचिन तेंदुलकर पर निशाना साधा। शुभमन गिल की अगुआई में नई भारतीय टेस्ट टीम तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी खेली और बेन स्टोक्स की इंग्लैंड टीम के साथ रोमांचक पांच मैचों की सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली। घावरी ने कहा, यह बिल्कुल गलत है। पहली बात ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज सीरीज को हमेशा फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी कहा जाता है। भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्रॉफी को हमेशा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी कहा जाता है।

#### सचिन को मना कर देना चाहिए था

घावरी ने कहा, बीसीसीआई को एमसीसी और ईसीबी के सामने अपनी बात रखनी चाहिए थी।टाइगर का नाम नहीं हटाया जाना चाहिए था।इसी संदर्भ में जब सचिन तेंदुलकर की बात आई कि इस ट्रॉफी को बदला जाएगा और इसका नाम आपके और एंडरसन के नाम पर रखा जाएगा तो सचिन को मना कर देना चाहिए था।आपत्ति की बात अलग है।

# वर्ल्ड चैंपियन त्रिमूर्ति की सेवाएं ले

## ब्रायन लारा का वेस्टइंडीज क्रिकेट को सुझाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट को संकट से उबराने के लिए महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने क्रिकेट वेस्टइंडीज से अपील की है कि वह्न पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल, ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड को टीम से जोड़े। इससे मौजूदा पीढ़ी के खिलाड़ियों का स्तर ऊंचा उठाया जा सके। तीनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम का हिस्सा रहे। गेल और ब्रावो 2012 और 2016 दोनों बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। पोलार्ड 2012 वाली टीम का हिस्सा थे।

लारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की करारी हार के बाद सीडब्ल्यूआई कॉन्फ्रेंस की समाप्ति के बाद कहा,वेस्टइंडीज क्रिकेट के भविष्य में योगदान देने के लिए मौका मिलना सम्मान की बात है, खासकर ऐसे महत्वपूर्ण समय में। मैं अपनी ओर से जो भी जानकारी या सहायता प्रदान कर सकता हूं, उसे हल्के में नहीं लेता। सेवा करने का अवसर मुझे पूरे दिल से स्वीकार है और मैं इस कार्य के प्रति समर्पित हूं।

### ब्रायन लारा ने क्या कहा?

लारा ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि वेस्टइंडीज अधिक व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण अपनाए। उन्होंने कहा कि दिक्कत सिर्फ मैदान पर रणनीति और तकनीक तक ही सीमित नहीं है। लारा ने इंस्टग्राम पर लिखा, हमें यह समझना होगा कि वेस्टइंडीज क्रिकेट के सामने आने वाली चुनौतियां मैदान पर खराब प्रदर्शन से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। ये चुनौतियां पिछले दो दशकों में हुए सांस्कृतिक, मनोवैज्ञानिक और संरचनात्मक बदलावों में गहराई से जुड़ी हैं। अगर इस गिरावट को उलटना है तो हमें व्यापक अनुभव और वर्तमान समय के दृष्टिकोण का लाभ उठाने की कोशिश करनी होगी।

### गेल, ब्रावो और पोलार्ड का दृष्टिकोण अमूल्य

लारा ने कहा कि आधुनिक समय के दिग्गज खिलाड़ी गेल, ब्रावो और पोलार्ड युवा पीढ़ी को बेहतर समझते हैं और यह 'त्रिमूर्ति' संचार में सुधार ला सकती है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि क्रिस गेल, ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड जैसे पूर्व खिलाड़ियों का दृष्टिकोण अमूल्य साबित हो सकता है। ये खिलाड़ी न केवल शीर्ष स्तर पर खेले हैं, बल्कि उन्होंने ऐसा उस युग में किया है जो आधुनिक एथलीट की मानसिकता, महत्वाकांक्षाओं और प्रेरणाओं को दर्शाता है।

#### कदम उठान का समय

लारा ने कहा, आज के खिलाड़ियों के साथ उनकी निकटता पीढ़ीगत सामंजस्य और साझा ड्रेसिंग रूम के संदर्भ में उन्हें इस बात की प्रामाणिक समझ देती है कि आधुनिक वेस्टइंडीज के क्रिकेटर को क्या प्रेरित करता है, क्या विचलित करता है, या क्या भ्रमित करता है।अब कदम उठान का समय है, लेकिन हमें मिलकर काम करना होगा।

चेसः

# सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर

## आरोनियन को खिताब



**सेंट लुई (अमेरिका), एजेंसी।** पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके।

विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए। पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाये जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया।आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24.5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40000 डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे जो दो दिन बाद शुरू होगा जिसमें आर प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

# प्रणेश ने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में चैलेंजर्स खिताब जीता

## कीमर ने जीत के साथ किया समापन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद शुक्रवार को क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद शुक्रवार को क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। कीमर को इस जीत से 25 लाख रुपये की इनामी राशि मिली। उन्होंने गुरुवार को ही खिताब अपने नाम पर पक्का कर दिया था इसलिए सभी का ध्यान चैलेंजर्स वर्ग पर लगा था। इस वर्ग में नाटकीय उतार-चढ़ाव देखने को मिले, जहां पा इनियन ने अभिमन्यु पुराणिक को जबकि अधिबान भास्करन ने लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराया। लियोन तथा अभिमन्यु दूसरे स्थान पर रहे। दीप्तायन घोष और आर्यन चोपड़ा ने भी क्रमशः वैशाली रमेशबाबू और द्रोणवल्ली हरिका को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रणेश (6.5 अंक) अंतिम दौर में जीबी हर्षवर्धन से हार गए लेकिन खिताब जीतने में सफल रहे जिसके लिए उन्हें सात लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी ने कार्तिकेयन मुरली और अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बॉब सिम्पसन का निधन

## स्टीव वॉ किया उनके योगदान को याद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन का शनिवार को निधन हो गया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव वॉ ने अपने करियर और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में बॉब सिम्पसन के योगदान की प्रशंसा की। स्टीव वॉ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, बॉब सिम्पसन से ज्यादा ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को किसी ने नहीं दिया। कोच, खिलाड़ी, कमेंटेटर, लेखक, चयनकर्ता, मार्गदर्शक और पत्रकार के तौर पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के उत्थान और टीम को सर्वश्रेष्ठ बनाने में बड़ी भूमिका निभाई। वॉ ने लिखा कि वह खेल के अपने ज्ञान को दूसरों तक पहुंचाने की इच्छा रखने वाले सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट कोच थे। उन्होंने मुझे एक बेहतर खिलाड़ी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को महान बनाया। ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच शनिवार को होने वाले तीसरे टी20 मैच से पहले उन्हें मौन रहकर श्रद्धांजलि दी जाएगी। मैच के दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने हाथ पर काली पट्टी भी बांधेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक बॉब सिम्पसन का निधन 89 साल की उम्र में शनिवार को सिडनी में हो गया। बॉब सिम्पसन ने 1957 से लेकर 1978 के बीच ऑस्ट्रेलिया के लिए 62 टेस्ट और 2 वनडे मैच खेले। टेस्ट मैचों में 10 शतक और 27 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 4,869 रन बनाए। उनके नाम तिहरा शतक लगाने की उपलब्धि है। उनका सर्वाधिक स्कोर 311 था। इसके अलावा 71 विकेट भी उन्होंने लिए थे। वहीं, वनडे में उन्होंने 36 रन बनाए थे और 2 विकेट लिए थे। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बॉब का रिकॉर्ड असाधारण है। 257 प्रथम श्रेणी मैचों में 60 शतक और 100 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 21,029 रन बनाए थे।

महिला डीपीएलः

# रविवार को पहले मुकाबले में गत विजेता नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 17 से 24 अगस्त तक अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बार चार टीमें हिस्सा ले रही हैं - साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स और सेंट्रल दिल्ली क्वींस। एक हफ्ते तक ये टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 अगस्त को पिछले साल की चैंपियन टीम नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और उपविजेता साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले से होगी। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की कप्तान आयुषी सोनी ने कहा, हम आने वाले समय के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। यह लीग शहर में क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम है, और इसके लिए हम डीडीसीए के बहुत आभारी हैं। यह सिर्फ़ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि खेल का एक उत्सव है जो खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज की कप्तान श्वेता सहरावत ने कहा, हम बेसब्री से लीग की शुरुआत का इंतज़ार कर रहे हैं। माहौल बेहद जोशीला है और इसके लिए हम डीडीसीए के आभारी हैं। उन्होंने



उभरती प्रतिभाओं के लिए एक शानदार मंच तैयार किया है और हम सभी को किसी खास चीज़ का हिस्सा बनने का मौका दिया है। ईस्ट दिल्ली राइडर्स की कप्तान प्रिया पूनिया ने खुशी जताते हुए कहा, हम सब इस टूर्नामेंट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस लीग को हकीकत में बदलने के लिए डीडीसीए की दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत के लिए हम उनके प्रति तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं। डीडीसीए ने खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका दिया है। सेंट्रल दिल्ली क्वींस की कप्तान सोनी यादव ने कहा, यह प्रतियोगिता प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन होगी। हम डीडीसीए के प्रयासों की सराहना करते हैं और इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहे हैं। 24 अगस्त को लीग चरण की शीर्ष दो टीमें फाइनल में भिड़ेंगी और विजेता का फैसला होगा।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज में मचाया तहलका, पाकिस्तानी गेंदबाजों की खूब की पिटाई, ठोके 14 चौके-छक्के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ने कैरेबियाई धरती पर पाकिस्तान के गेंदबाजों की पिटाई करते हुए अपनी टीम को शानदार जीत दिला दी. इस खिलाड़ी ने वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप के साथ शतकीय साझेदारी निभाकर 16 गेंद रहते टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की. इन दोनों बल्लेबाजों ने केवल 59 गेंदों में 114 रनों की पार्टनरशिप करके सीपीएल 2025 के दूसरे मुकाबले को बिल्कुल एकतरफा कर दिया. इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेन मैक्डरमट ने 10 चौके और चार छक्के जड़ते हुए शानदार फिफ्टी ठोक दी. वेस्टइंडीज के कप्तान ने भी नाबाद फिफ्टी ठोकते हुए इस लीग में शानदार शुरुआत की.

**बेन मैक्डरमट ने गयाना को दिलाई जीत** - सीपीएल 2025 का दूसरा मुकाबला सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स और गयाना अमेजॉन वॉरियर्स के बीच खेला गया. इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुएसेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 153 रन बनाए. टीम की ओर से आंद्रे फ्लेचर ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद पर 60 रन बनाए. फ्लेचर ने अपनी इस पारी के दौरान एक चौका और पांच छक्के लगाए. उनके अलावा युवा खिलाड़ी ज्येड गूली ने 24 रन का योगदान. अमेजॉन वॉरियर्स की ओर से ऑलराउंडर ड्वेन प्रीटोरियस ने चार ओवर में 43 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इमरान ताहिर ने दो विकेट अपने नाम किए. 153 रनों के इस लक्ष्य को बेन मैक्डरमट ने काफी छोटा बना दिया और टीम को पांच विकेट से जीत दिला दी.

**बेन मैक्डरमट ने वेस्टइंडीज में मचाया तहलका** - लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमेजॉन वॉरियर्स का पहला विकेट जल्द गिर गया था, लेकिन उसके बाद बेन मैक्डरमट ने शे होप के साथ दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी की. मैक्डरमट ने इस साझेदारी के दौरान 39 गेंद पर 75 रन की तूफानी पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान अमेजॉन वॉरियर्स के किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और सभी के खिलाफ तगड़ा प्रहार किया. अपनी इस पारी के दौरान धाकड़ बल्लेबाज ने पाकिस्तान के अब्बास अफरीदी के एक ही ओवर में 21 रन बनाए. इसके अलावा उन्होंने नसीम शाह की भी खूब पिटाई की. बेन मैक्डरमट के अलावा शे होप ने 56 रन की नॉटआउट पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान पांच चौके और दो छक्के लगाए. उन्होंने बेन मैक्डरमट का काफी अच्छा साथ निभाया. मैक्डरमट के विकेट गिरने के बाद भी होप ने एक छोर को अच्छी तरह से संभाला और 16 गेंद रहते हुए इस मैच को अपनी टीम को जिता दिया ।

# आयरलैंड के खिलाफ फील्ड पर उतरते ही जैकब बेथेल तोड़ेंगे 136 साल पुराना रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका और आयरलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए हैरी ब्रूक कप्तान हैं। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए जैकब बेथेल को कप्तान बनाकर इंग्लैंड ने उन्हें इतिहास रचने का मौका दिया है। आयरलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज होनी है। इस सीरीज के लिए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने टीम की कमान 21 साल के युवा खिलाड़ी जैकब बेथेल को सौंपी है। बेथेल 17 सितंबर को जब आयरलैंड के खिलाफ पहले टी20 के लिए फील्ड पर उतरेंगे, तो इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास के सबसे युवा कप्तान बन जाएंगे।

इंग्लैंड के युवा कप्तान के रूप में जैकब बेथेल मोंटी बोडेन का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। मोंटी बोडेन को 1889 में एकमात्र टेस्ट के लिए इंग्लैंड का कप्तान




बनाया गया था। उस समय उनकी उम्र 23 साल थी। 21 साल के बेथेल उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए तैयार हैं। मोंटी बोडेन ने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट खेले और 2 पारियों में 25 रन बनाए। वह सरे की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते थे और 86 प्रथम श्रेणी मैचों की 132 पारियों में 2,316 रन बनाए। इस दौरान 3 शतक और 7 अर्धशतक उन्होंने लगाए। सर्वाधिक स्कोर नाबाद 189 था। इसके अलावा 2 विकेट भी उन्होंने लिए थे। बात अगर जैकब बेथेल की करें, तो उन्हें इंग्लैंड क्रिकेट का भविष्य माना जाता है। वह तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं। बेथेल बैटिंग ऑलराउंडर हैं और बाएं हाथ से बल्लेबाजी और गेंदबाजी करते हैं।

चार टेस्ट मैचों में 271 रन और 3 विकेट, 12 वनडे में 317 रन और 7 विकेट, और 13 टी20 में 281 रन और 4 विकेट जैकब बेथेल के नाम दर्ज हैं।

# प्रीमियर लीग: लिवरपूल का प्रीमियर लीग में जीत के साथ आगाज, दिवंगत फुटबॉलर जोटा को दी श्रद्धांजलि

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया, जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। गत चैम्पियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रद्धांजलि दी, जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ। दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनटमें फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी। मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढत उतार दी थी। पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

# रायसेन जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री पंवार ने किया ध्वजारोहरण



**रायसेन (निप्र)।** जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में पूरे उमंग, उत्साह और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से ओत-प्रोत वातावरण में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय रायसेन स्थित होमगार्ड परेड ग्राउण्ड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री तथा मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री नारायण सिंह पंवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं परेड की सलामी ली गई। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन, प्रदेश की जनता के नाम प्रसारित संदेश का लाईव प्रसारण देखा सुना गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने भी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री पंवार ने सलामी परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा हर्ष फायर एवं राष्ट्रगान की आकर्षक धुन प्रस्तुत की गई। परेड में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट तथा गाईड द्वारा आकर्षक परेड की गई। प्रभारी मंत्री द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे भी आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, भोजपुर विधायक श्री सुरेन्द्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, सहायक कलेक्अर श्री कुलदीप पटेल, अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार उपाध्याय, श्री राकेश शर्मा सहित अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों तथा लोकतंत्र सैनानियों के परिजनों का सम्मान

स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री पंवार द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

### परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए इन्हें मिला पुरस्कार

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंत में परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सीनियर परेड के लिए जिला पुलिस बल को प्रथम पुरस्कार, महिला पुलिस बल को द्वितीय पुरस्कार तथा होमगार्ड्स को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जूनियर परेड में एनसीसी सीनियर गर्ल्स पीएमश्री स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रायसेन को प्रथम पुरस्कार, एनसीसी सीनियर बालक पीएमश्री स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रायसेन को द्वितीय पुरस्कार तथा एनसीसी जूनियर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायसेन को प्रथम पुरस्कार, सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल रायसेन को द्वितीय पुरस्कार, आरजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल रायसेन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इनके अतिरिक्त केन्द्रिय विधालय रायसेन को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## अगर ई-केवायसी नहीं कराई तो होल्ड हो जायेगी पेंशन कलेक्टर ने 31 अगस्त तक ईकेवायसी कराने के दिये निर्देश

**सीहोर (निप्र)।** जिले के समस्त पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन 31 अगस्त तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य किया गया है। यदि ईकेवायसी नहीं हुई तो विभिन्न पेंशन योजना की हितग्राही के पेंशन होल्ड हो जायेगी। वर्तमान में सीहोर जिले में 4974 हितग्राहियों का ई-केवायसी लंबित है। इस संबंध में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि 31 अगस्त तक पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ई-केवायसी सत्यापन पूर्ण किया जाये। इस संबंध में इस संबंध में शासन के सामाजिक न्याय एव दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भी पूर्व में अभियान चलाकर ई-केवायसी कराये जाने के निर्देश प्रसारित किये जा चुके है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों का ई-केवायसी होना अनिवार्य हैं। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा यह निर्णय लिया है कि अभियान चलाकर शेष हितग्राहियों को ई-केवायसी दिनाक 31 अगस्त तक कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करे। साथ ही समस्त हितग्राहियों को अवगत कराया जाये कि 31 अगस्त तक ई-केवायसी नहीं कराया जाता है तो पेशन होल्ड कर दी जायेगी। जिले में पेंशन योजना में शेष 4974 पेंशन योजनाओं में हितग्राहियों की ई-केवायसी किया जाना शेष है। कलेक्टर श्री बालेगुरू के. ने निर्देश दिये है कि इस आशय का व्यापक प्रचार-प्रसार शहरी/ग्रामीण क्षेत्रो में कराया जाकर ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करे।

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीएसके टीम द्वारा किया गया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**सीहोर (निप्र)।** स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा जिले की आँगनबाड़ियों एवं स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। टीम द्वारा कुल 1173 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्क्रीनिंग के पश्चात चिकित्सकों द्वारा 183 बच्चों को उपचार प्रदान किया गया तथा 30 बच्चों को रेफर किया गया।

### पंचायत उन्नति सूचकांक पर प्रशिक्षण 18 को

**विदिशा (निप्र)।** पंचायत उन्नति सूचना का विमोचन एवं प्रचार प्रसार तथा पाई 2.0 तहत सभी लाइन विभागों के सूचकांकों की जानकारियां पोर्टल पर प्रविष्टि कार्य सुगमता से संपन्न हो इसके लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण 18 अगस्त को जिला पंचायत के सभागार में दोपहर 2 बजे से आयोजित किया गया है। जिला पंचायत के सीईओ श्री ओपी सनोडिया में बताया कि उक्त प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी ,महिला बाल विकास अधिकारी, उपसंचालक किसान कल्याण ,उद्यानकी विभाग, अधीक्षक भू अभिलेख, सामाजिक न्याय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जिला आपूर्ति अधिकारी, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एसआरएलएम तथा जनपदों के सीईओ, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वय ,मनरेगा परियोजना अधिकारी तथा समस्त जनपदों के एडीओ और पीसीओ एवं बीपीएम डीईओ,आरजीएसए के अलावा संबंधित जनपदों के सरपंच सचिव मौजूद रहेंगे

### अऋणी किसान आज ही एवं ऋणी किसान 30 अगस्त तक फसल बीमा कराये

**सीहोर (निप्र)।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विकास विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत अऋणी किसानों के लिए खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि बढ़कर 14 अगस्त कर दी गई है तथा ऋणी किसानों के लिये अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिन किसानों ने बैंकों से केसीसी लिया है और उनका बीमा बैंक द्वारा किया जाता है, किसी कारण से बैंक द्वारा बीमा नहीं किया गया है तो वह किसान बैंक से संपर्क कर अपना फसल बीमा कराएं। अऋणी किसान एवं ऐसे किसान जिनका फसल बीमा छूट गया है वह अंतिम तिथि का इंतजार न करें और शीघ्र ही पास की बैंक शाखा जैसे सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक, जन सेवा केंद्र तथा सीएससी ऑनलाइन पर जाकर फसल बीमा कराए। ताकि फसल नुकसानी के समय किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सकें। फसल बीमा कराने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड (मोबाइल नंबर से लिंक), जमीन सिकमी (बटाई पर) होने पर इसका शपथ पत्र, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका/खसरा खतौनी, बैंक पासबुक, बुवाई प्रमाण पत्र (जो कि पटवारी पंचायत सचिव, कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो), फार्मर आई डी आदि ले जाना अनिवार्य है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को सलाह दी गई है कि खरीफ फसलों का बीमा अवश्य करायें ताकि प्रतिकूल मौसम के कारण फसल नुकसान या उपज में कमी होने पर फसल बीमा योजना के तहत फसल नुकसान की प्रतिपूर्ति हो सके।

### जिला स्तरीय रोजगार मेले में 28 अभ्यर्थियों का किया चयन

**बैतूल (निप्र)।** जिला रोजगार कार्यालय, आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम के तहत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सदर इटारसी रोड बैतूल में किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बारस्कर उपस्थित रही। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 63 आवेदकों ने पंजीयन कराया था।

## कलेक्टर श्री गुप्ता ने ध्वजारोहण कर परेड़ की सलामी ली

**विदिशा (निप्र)।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के पावन पर्व पर जिला मुख्यालय पुलिस परेड ग्राउण्ड पर कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता के साथ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी सफेद रंग की जिप्सी वाहन पर सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् समारोह में हर्ष फायर उपरांत प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को मुक्त आकाश में छोड़कर स्वतंत्रता का संदेश दिया गया।

**एलईडी पर लाइव प्रसारण:** प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के लाइव उद्बोधन का पहली बार कार्यक्रम स्थलो पर सीधा प्रसारण हुआ है। इसके लिए जिला मुख्यालय 20बाई 10 साइज की छह एलईडी लगाई गई थी जिन पर लाइव प्रसारण का अवलोकन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागो के वरिष्ठ, कनिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमो को प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री जी के संदेश का सीधा प्रसारण देखा, सुना है। मुख्य समारोह स्थल पुलिस परेड़ ग्राउण्ड पर परेड कमाण्डर श्री बीएस चैहान के नेतृत्व में 13 दलों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री गुप्ता ने परेड कमाण्डर सहित दलो के दलनायकों से परिचय प्राप्त किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम:** जिले की चार शैक्षणिक संस्थाओ के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें सांदीपनी स्कूल बरईपुरा के विद्यार्थियों द्वारा मेरे



देश की धरती सोना उगले....., नारायण स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंग दे बंसती, थोडी सी धूल मेरे वतन की....., पीएम श्री महारानी कन्या महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा यह देश है वीर जवानो का......, और अंत में साकेत एमजीएम स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा भारत देश की एकता अखण्डता को रेखांकित करने वाले गायन का चित्रण प्रस्तुत किया गया है।

**शौर्या दल:** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में शौर्या दल ने भी मार्चपास्ट में शामिल होकर सहभागिता निभाई है वहीं पुलिस बैंड दल व वात्सल्य स्कूल बैड दल ने परेड में शामिल होकर देशभक्ति पर आधारित मनमोहक धुन का वादन करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

**मीसाबंदी, परिजन सम्मानित :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने जिले के मीसाबंदियों का स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया।

**अंगदानदाताओं के परिजन सम्मानित हुए:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कार्यक्रम स्थल पर राज्य शासन की मंशा के अनुरूप अंगदान करने वाले व उनके परिजनों को सम्मानित किया है।

**पुरस्कृत :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों और स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने पर उन्हें प्रशंसा पत्र एवं शील्ड प्रदाय कर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिले के 84 चयनितो को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया है इसके अलावा परेड़ में शामिल व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों पर जूरी द्वारा चयनित प्रथम तीन दलो के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम स्थल पर न्यायाधीशगण, जनप्रतिनिधि, के साथ-साथ अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक, शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थी व गुरूजन पत्रकारो के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप्ति शुक्ला ने किया।

## पुस्तक मेला का आयोजन 23 से

**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा 23 से 29 अगस्त तक पुस्तक मेला आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने पुस्तक मेला आयोजन के परिपेक्ष्य में किए जाने वाले प्रबंधो का जायजा लिया। उनके द्वारा आहूत बैठक में बताया गया कि एक सप्ताह तक आयोजित होने वाला उक्त पुस्तक मेला रविन्द्रनाथ टैगोर आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पुस्तक मेला की समस्त व्यवस्थाओं एवं सफल आयोजन के लिए संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा को नोडल तथा डीईओ और डीपीसी को सहायक नोडल का दायित्व सौंपा है।

पुस्तक मेला का अधिक से अधिक स्थानीय नागरिक व विद्यार्थी लाभ उठाएं इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने तैयारियों संबंधी बैठक में विभिन्न विभागो को आवश्यक जबाव देंही सौंपी है जिसमें मुख्य नगरपालिका अधिकारी को आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओ एवं मेले के लिए नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा है। यहां मुख्य रूप से शौचालय तथा प्रागंण की नियमित स्वच्छता बनाए रखने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं क्रियान्वित करने तथा फायर ब्रिग्रेड संधारित करने, पुस्तक मेला भ्रमण में आने वाले गणमान्य नागरिको, छात्रों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के दायित्व सौंपे गए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पुस्तक मेला परिसर में एक एम्बुलेंस व चिकित्सीय स्टाफ तैनात कराने तथा मेला में शामिल होने वाले छात्रों एवं आम लोगो के स्वास्थ्य परीक्षण, प्राथमिक उपचार एवं आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की व्यवस्था क्रियान्वित कराने के निर्देश दिए गए है वहीं ऊर्जा विभाग को पुस्तक मेला एवं सांस्कृतिक हाल में विद्युत आपूर्ति सतत बनी रहें और आवश्यकता के अनुसार पावर बैकप के प्रबंध सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा आहूत बैठक में बताया गया कि पुस्तक मेला के दौरान प्रातः दस बजे से एक बजे तक होने वाले कला प्रदर्शन कार्यक्रमो में तथा सायंकाल पांच बजे से आठ बजे तक होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमो एवं साहित्यिक कार्यक्रमो में बच्चो के साथ-साथ आमजनो की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी को निर्देशित किया गया है।

## न्यायालय से डिक्री पारित प्रकरणों में राशि भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाए: कलेक्टर सोनिया मीना



**नर्मदापुरम (निप्र)।** कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को न्यायालय से डिक्री पारित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधितों को डिक्री अनुसार राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत को एसडीएम कार्यालय इटारसी एवं नर्मदापुरम से प्राप्त रिपोर्ट का आंकलन कर प्रस्तुत करने और रेलवे सहित अन्य संबंधित विभागों को पत्र जारी कर अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता श्री सत्येंद्र सिंह पटेल को यह भी निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रत्येक प्रकरण का रिव्यू अवश्य किया जाए, ताकि विधिक प्रक्रिया में किसी प्रकार की कमी न रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 16 निष्पादन प्रकरणों की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रत्येक मामले पर विस्तार से चर्चा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी प्रकरणों में आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और वसूली योग्य राशि प्राप्त होने पर इसकी सूचना तत्काल न्यायालय को दी जाए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट श्री बृजेंद्र रावत, एसडीएम नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी, उप मुख्य अभियंता (नियंत्रण) रेलवे श्री नितिन वर्मा, अतिरिक्त शासकीय अधिवक्ता श्री सत्येंद्र सिंह पटेल, ईई (निर्माण) रेलवे इटारसी जोन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले के लगभग 21 हजार नागरिकों ने एक साथ ली नशा मुक्ति की शपथ

**हरदा (निप्र)।** जिले में विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालय के लगभग 18 हजार विद्यार्थियों ने शिक्षकों सहित तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र व नगर पालिका क्षेत्र सहित लगभग 21 हजार जनमानस ने एक साथ नशामुक्ति की शपथ ली। उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री कमलेश सिंह ने बताया कि बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ देश भर में बनाई गई। अभियान को जन मानस तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारियां दी गई थी।

विभागीय कर्मचारियों ने जिले से चयनित 11 मास्टर ट्रेनर, एवं 40 मास्टर वालंटियरों के साथ विभिन्न स्थानों एवं विभागों में संपर्क कर योजनाबद्ध तरीके से महाशपथ अभियान का आयोजन किया ताकि जिले में एक साथ अलग अलग स्थानों पर एक समय पर शपथ ली जा



सके। परिणाम स्वरूप प्रदेश में फिर नशामुक्ति में जिले ने अपनी एक अलग छबि बना ली है। पूर्व में भी विभाग ने अभियान में ट्रांसजेंडर समुदाय को अभियान से जोड़कर प्रदेश में एक नवाचार किया है, एवं आगामी गतिविधियों के लिए भी योजनाएं बनाई गई हैं।

## जुवाड़ी पंचायत के शिविर में वित्तीय साक्षरता एवं लेनदेन पर दी विस्तृत जानकारी

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के हितग्राहियों को दो-दो लाख के चेक किए वितरित



**बैतूल (निप्र)।** भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार जन सुरक्षा संतृप्ति अभियान के अंतर्गत सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया घोड़ाडोंगरी एवं रानीपुर शाखा द्वारा घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के अंतर्गत जुवाड़ी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना री-केवाईसी आदि योजनाओं की सुविधा प्रदान की गई। भारी वर्षा के बावजूद भी बड़ी संख्या में खाताधारकों ने इन योजनाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल के महाप्रबंधक श्री हेमंत कुमार सोनी एवं जिला विकास अधिकारी श्री सौम्यदीप चटर्जी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नर्मदापुरम के क्षेत्रीय प्रमुख श्री रजत मिश्रा, बैंक ऑफ इंडिया खंडवा के आंचलिक प्रबंधक एवं डीडीएम नाबार्ड से श्री राहुल कुशवाह, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एलडीएम श्री आशुतोष सिंह, सेंट्रल ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारत भारती निदेशक श्रीति शेंडे एवं सेंट्रल बैंक की संपूर्ण टीम उपस्थित रहे। आगंतुकों का बड़े हर्ष के साथ स्वागत एवं प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। वित्तीय साक्षरता एवं लेनदेन पर वक्ताओं द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। महाप्रबंधक श्री सोनी ने वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं और री-केवाईसी के महत्व पर बात की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत सेंट्रल बैंक के दो हितग्राही नॉमिनी को महाप्रबंधक द्वारा दो-दो लाख के चेक प्रदान किये गये।

## ग्राम रफ़ीक़गंज एवं ग्राम टीकामोड़ में पाइपलाइन से पंप लगाकर अधिक पानी लेने वाले उपयोगकर्ताओं की मोटरें जब्त

**सीहोर (निप्र)।** मर्दानपुर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना भेरुन्दा ब्लॉक के ग्राम रफ़ीक़ गंज एवं ग्राम टीका मोड़ में जल निगम एवं पुलिस बल द्वारा का अवैध रूप से टिल्लू पंप लगाकर अधिक पानी लेने वाले उपयोगकर्ताओं पर कार्रवाई की गई एवं उनकी मोटर जब्त की गई। इस जलप्रदाय योजना से 161 ग्रामों में जल प्रदाय किया जाता है। मोटर पंप उपयोग करने से ग्राम के आखिरी उपभोक्ता तक पानी का दबाव कम हो जाता था,



जिस कारण कई लोगों को पेयजल आपूर्ति संबंधित समस्या हो रही थी। यदि ग्राम में मोटर पंप का उपयोग न हो तो सभी कनेक्शन में समान रूप से जल प्रदाय होता है। जल निगम के अधिकारियों द्वारा इन उपभोक्ताओं को पहले कई बार मौखिक रूप से मोटर पंप का उपयोग न करने के लिए कहा गया था, पर इनके द्वारा मोटर पंप का इस्तेमाल बंद नहीं किया गया, जिसके चलते यह कार्यवाही की गई है। जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि बाकी ग्रामो में जहाँ जहाँ मोटर लगी है, उन ग्रामो में भी मोटर जब्त की जाएगी एवं यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। ताकि योजना का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके और प्रत्येक हितग्राही को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके।

स्वत्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रामपाल सिंह परमार द्वारा जय माता प्रिंटर्स, 28, कुम्हारपुरा, चर्च रोड, जिंसी चौराहा, जहांगीराबाद, भोपाल, मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 49 वर्धमान ग्रीन एन्क्लेव दामखेड़ा, सागर लैंड मार्क के पास अयोध्या बायपास, भोपाल (मप्र) से प्रकाशित। संपादक रामपाल सिंह परमार। समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार (समस्त न्यायिक मामलों का क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) फोन नं. - 8770932048